## जिले में आज

- खमरिया दलेलगंज गांव में प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के तहत शिविर सुबह 10 बजे से।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम कांशीराम ईदगाह में हवन दोपहर 12 बजे।
- वीरांगना अवंतीबाई बालिका इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा माह का समापन कार्यक्रम सुबह 10 .30 बजे।
- मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए विशेष अभियान सुबह 11 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### बीसलपुर सभागार में 60 पेड़ों की नीलामी 12 को

**पीलीभीत, अमृत विचार** : तहसील बीसलपुर के ग्राम पंचायत बहादुरपुर हुक्मी में स्थित 60 पेड़ों की नीलामी 12 फरवरी को तहसील बीसलपुर के सभागार में होगी। इन पेड़ों में 51 सेमल और 09 शीशम शामिल हैं, जिनका मूल्यांकन 210726 रुपये किया गया है। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोग 12 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे तक तहसील बीसलपुर के सभागार में उपस्थित होकर 10,000 रुपये की जमानत राशि जमा कर सकते हैं। एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पांडेय ने बताया कि इसके बारे में किसी को कोई जानकारी करनी है तो वह कार्यालय आकर कर सकता है।

### एसआईआर को लेकर विशेष अभियान आज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत शनिवार को समस्त बूथों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें मतदाता सूची में पंजीकरण कराया जा सकेगा। बूथ लेवल अधिकारी सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक मौजूद रहेंगे। इसे लेकर समस्त तैयारियां कर ली गई। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने इसे लेकर जिम्मेदारी भी तय की है।

### आज होगा सड़क सुरक्षा माह का समापन

**पीलीभीत, अमृत विचार** : राष्ट्रीय सड़क सड़क सुरक्षा माह का समापन आज होगा। इसके लिए वीरांगना अवंतीबाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में सुबह 10 .30 बजे से कार्यक्रम होगा। इसमें मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद और विशिष्ट अतिथि डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, डीआईजी/एसपी अभिषेक यादव होंगे। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागी सम्मानित किए जाएगे।

# जिला अधिकारी ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण



वेयर हाउस का निरीक्षण करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**पीलीभीत,अमृत विचार**: डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने शुक्रवार को जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवी पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सीसीटीवी, मशीनों के रख-रखाव की व्यवस्था देखी। साथ ही उन्होंने भवन समेत परिसर में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्तप्रसून द्विवेदी, भाजपा प्रतिनिधि विकास चंद्र गुप्ता,बसपा जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल कश्यप समेत स्टाफ मौजूद रहा।

# नेपाली हाथियों ने मचाया उत्पात, किसानों की फसलें रौंदी

संवाददाता, गजरौला

- माला रेंज के जंगल से बाहर निकले दो हाथी, महुआ और सिरसा सरदाह गौटिया में घुसे
- ग्रामीणों ने विधायक से की शिकायत, रेंजर पर लापरवाही करने का लगाया आरोप



मौके पर ग्रामीणों संग जानकारी करते वनकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : नेपाल के गौरी फंटा सेंचुरी से निकलकर लग्गा भग्गा के रास्ते पीटीआर में आए नेपाली हाथी किसानों की फसले तहस नहस कर रहे हैं। 1 जनवरी से शुरू हुई किसानों की फसलों की बर्बादी अभी भी थमने का नाम नहीं ले रही। गुरुवार रात को माला रेंज के जंगल से बाहर निकले दो हाथियों ने महुआ और सिरसा सरदाह गौटिया के कई किसानों की फसलों को तहस-नहस कर दिया। गन्ना, मसूर, सरसों, मटर आदि फसलों को रौंद दिया। रातभर हाथी उत्पात मचाते रहे।

बताते हैं कि हाथियों ने महुआ गांव के राकेश बाबू के सिंचाई बोरिंग को उखाड़ दिया। माला जंगल से निकले हाथी महुआ के किसानों की फसलों को उजाड़ते हुए रेलवे क्रासिंग की तरफ पहुंचे, वहां से सिरसा सरदाह गौटिया गांव में फसलों को बर्बाद किया। इसकी सूचना बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद को दी गई। विधायक ने भी इसे लेकर नाराजगी जताई। किसानों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। रेंजर पर लापरवाही का आरोप लगाया। वन दरोगा अमित कुमार ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। वन एवं वन्य जीव प्रभाग के डिप्टी रेंजर शेर सिंह ने बताया कि रात्रि गश्त को बढ़ाया जा रहा है। नुकसान की सूची तैयार कर राजस्व विभाग को भेजी जा रही है।

### इन किसानों की फसल हुई बर्बाद

महुआ और सिरसा सरदाह गौटिया गांव निवासी पार्वती,जय देवी, गौरी शंकर, वीर बहादुर, खूबचंद, गंगाराम,रोशन लाल, राधेश्याम, सुरेश कुमार नोखेलाल, मंगली प्रसाद, भगवान दास, हीरालाल, रामऔतार, केसरी लाल, बाबूराम, राजेंद्र कुमार, झम्मन लाल, हुलासी राम, राम कुमार, तेजराम, राम सिंह, महेंद्र पाल, हरिशंकर, अजय वीर, राकेश बाबू, रोशन लाल सावित्री देवी, चमेली देवी आदि ने हाथियों के द्वारा खेत पर फसल तहस तहस करने का दावा किया है।

# आपत्तियों का हुआ निस्तारण, इको सेंसिटिव जोन को जल्द मिल सकती है हरी झंडी

## पीटीआर प्रशासन ने भेजा था प्रस्ताव, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा लगाई आपत्तियों का हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




> टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से इको सेंसटिव जोन का प्रस्ताव बनाकर पूर्व में ही भेजा जा चुका है। संबंधित प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। उम्मीद है कि जल्द ही इको सेंसिटिव जोन को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसके बाद गाइडलाइन के अनुसार ही क्रियान्वयन किया जाएगा। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

- पीटीआर से सटा दो किमी का क्षेत्र रहेगा इको सेंसटिव जोन के दायरे में
- मंत्रालय से जारी होगा नोटिफिकेशन नहीं हो सकेंगे पक्के निर्माण कार्य

**अमृत विचार** : पीलीभीत टाइगर रिजर्व की ओर से इको सेंसिटिव जोन के भेजे प्रस्ताव को जल्द हरी झंडी मिल सकती है। टाइगर रिजर्व प्रशासन के पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा लगाई गई आपत्तियों का निस्तारण कर लिया गया है। जानकारों के मुताबिक अब जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। मंत्रालय द्वारा नोटिफिकेशन जारी किए जाने के बाद टाइगर रिजर्व की जंगल सीमा से एक से लेकर दो किमी का क्षेत्र इको सेंसिटिव जोन के दायरे में आ जाएगा।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत इको सेंसिटिव जोन अधिसूचित करता है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के आस-पास कुछ गतिविधियों को प्रतिबंधित और नियंत्रित करना है, ताकि संरक्षित क्षेत्रों के निकटवर्ती संवेदनशील पारिस्थितिक तंत्र पर ऐसी गतिविधियों के नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सके। इसको लेकर 73 हजार हेक्टेयर में फैले टाइगर रिजर्व के ईको सेंसिटिव जोन घोषित करने को लेकर पूर्व में भी प्रस्ताव भेजे गए थे, लेकिन इस संबंध में कभी नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया और भेजे गए प्रस्ताव अलमारी में कैद होकर रह गए थे। इधर, सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश को अमल में लाते हुए गत वर्ष टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा पीलीभीत टाइगर रिजर्व की जंगल सीमा से 10 किमी के दायरे को इको सेंसटिव जोन घोषित करते हुए इन दायरे में किसी भी प्रकार के पक्के निर्माण कार्यों पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बाद काफी हो हल्ला हुआ था। टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा नए सिरे से जंगल सीमा से दो किमी के क्षेत्र को इको सेंसटिव जोन बनाने संबंधी प्रस्ताव वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को भेजा था। चूंकि इको सेंसिटिव जोन के दायरे और निर्माण संबंधी गाइडलाइन को लेकर अंतिम निर्णय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को ही लेना था। ऐसे में मंत्रालय की ओर से उत्तराखंड वन महकमे से भी इको सेंसिटिव जोन को लेकर सहमति लेने की बात कही गई। इसकी वजह यह थी कि उत्तराखंड की सुरई रेंज की सीमा पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सीमा से सटी हुई है। ऐसे में उच्चाधिकारियों का मानना है कि इससे उक्त वन प्रभाग पर भी इसका असर पड़ेगा। ऐसे में उनकी सहमति भी जरूरी है। इसको लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से उत्तराखंड वन महकमे से भी सहमति ले ली गई थी। प्रस्तावित ड्राफ्ट में कुछ अन्य तकनीकी आपत्तियों के चलते प्रक्रिया रुकी चल रही थी। इधर, बीते दिनों इन आपत्तियों का भी निस्तारण कर दिया गया है। फिलहाल अब इको सेंसटिव जोन घोषित करने की प्रक्रिया लगभग अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। जानकारों की माने तो जंगल सीमा से दो किलो मीटर के दायरे को इको सेंसटिव जोन घोषित किया जाएगा। कहीं-कहीं यह दायरा एक किलो मीटर का भी होगा। फिलहाल अब वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा नोटिफिकेशन जारी करने का इंतजार किया जा रहा है।

### कईयों के मंसूबों पर फिर सकता है पानी

पिछले कुछ सालों से पीलीभीत टाइगर रिजर्व के आसपास की जमीनों की जमकर खरीद फरोख्त हुई है। पर्यटन को ढाल बनाकर जमीन खरीदने वालों में दिल्ली, लखनऊ आदि महानगरों के प्रभावशाली उद्योगपति, रसूखदार और कुछ बड़े अफसर भी शामिल हैं। इसमें किसी ने टाइगर रिजर्व की जंगल सीमा के बेहद नजदीक फार्म हाउस बनाने का सपना संजो रखा है तो किसी ने बड़ा रिसॉर्ट खड़ा करने योजना बना रखी है। इन सभी की मंशा थी कि फार्म हाउस बनाकर घूमने के लिए आया करेंगे या फिर सैलानियों को किराए पर उपलब्ध कराएंगे, लेकिन ईको सेंसिटिव जोन की कवायद अंतिम चरण में पहुंचने से इन सभी के मंसूबों पर पानी फिरता दिख रहा है।

# अन्नपूर्णा भवन के विरोध में धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



बीसलपुर तहसील में धरना देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

- एसडीएम ने समस्या का निस्तारण करने का दिया आश्वासन

**अमृत विचार** : ग्राम पंचायत मरैना में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने तहसील परिसर में धरना देकर ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने जल्द समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

शुक्रवार को कई ग्रामीण तहसील पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया गया। उनका कहना था कि ग्राम प्रधान ने गुपचुप तरीके से गाटा संख्या 139 का प्रस्ताव करके भेजा, जोकि निचली जगह है। इसमें बारिश में चार फिट पानी भर जाता है। इसी गाटा संख्या पर 2021 में 27 लाख रुपये की लागत से पंचायत भवन का निर्माण शुरू कराया गया, जोकि अभी तक अधूरा है। उसी गाटा संख्या पर अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

भाजपा नेता नितिन पाठक की अगुवाई में ग्रामीणों ने एसडीएम नागेंद्र पांडे को ज्ञापन दिया। जिसमें संबंधित प्रस्ताव खारिज कराने की मांग की है। एसडीएम के आश्वासन पर धरना स्थगित कर दिया गया। ज्ञापन देने वालों में अनिल मिश्रा, बेबी सिंह, सौरभ मिश्रा, रामनिवास, सोमपाल सिंह, मोहित सिंह, जगेश्वर पाल सिंह, चंद्रशेखर, रंजीत सिंह, श्याम लाल, कल्याण सिंह, फूलमती, प्रगट सिंह आदि मौजूद रहे।

# निरीक्षण में सीएचसी की व्यवस्था परखी

संवाददाता, बरखेड़ा



सीएचसी का निरीक्षण करतीं महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय। ● अमृत विचार

- महिला आयोग की सदस्य ने मरीजों से बातचीत कर जानी हकीकत

**अमृत विचार** : महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय ने शुक्रवार को सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। शासन की ओर से दी जा रही सुविधाएं महिला मरीजो को मिल रही या नहीं, इसकी जानकारी महिला मरीजों से संवाद कर जानी।

महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय दोपहर में सीएचसी पहुंची और निरीक्षण किया। सबसे पहले परिसर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था देखी। लेबर रूम, जेएसवाई वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, स्टोर रूम आदि का निरीक्षण किया। अस्पताल में प्रसव के बाद महिला वार्ड में भर्ती प्रसूताओ एवं अस्पताल दवा लेने आई महिला मरीजों से बातचीत की। शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में सवाल जवाब किए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बैठकर अधिकारियो एवं कर्मचारियो की उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। इसके बाद प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश कुमार से महिला वार्ड में होने वाली डिलीवरी के बारे में जानकारी की। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में प्रसव के लिए आने वाली हर प्रसूता को बेहतर सुविधा दी जाती है। उन्होंने महिला आयोग की सदस्य को बताया कि हर माह करीब 150 से अधिक प्रसव होते हैं। जिस पर उन्होंने संतोष जताया। उन्होंने एनबीएसयू यूनिट के बारे में जानकारी की। उन्होंने वैक्सीन भंडारण कक्षा का भी निरीक्षण किया। महिला आयोग की सदस्य ने बताया कि उनके द्वारा किए गए निरीक्षण में सुविधाएं संतोषजनक मिली हैं।

# शिक्षण को सुगम बनाने के गुर सिखाए

**बीसलपुर, अमृत विचार** : परिषदीय विद्यालयों के शिक्षा स्तर को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित आईसीटी आधारित शिक्षण पद्धतियों पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह विशेष प्रशिक्षण 19 जनवरी से चल रहा था, जोकि विभिन्न बैच में संचालित किया गया। डायट प्राचार्य दरवेश कुमार की देखरेख में हुए प्रशिक्षण की निगरानी प्रवक्ता पुलकित शर्मा, विजय कुमार ने की। राज्य स्तरीय संदर्भदाता विनय कुमार पांडेय, देवेंद्र कन्हैया ने शिक्षकों को तकनीक के माध्यम से शिक्षण को सुगम बनाने के गुर सिखाए। आईसीटी विशेषज्ञ शिक्षक दीपांशु, श्रीकृष्णा और अवंती ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्मार्ट बोर्ड और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

# रोजगार का संकट नहीं, नए अवसरों की कुंजी है एआई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



छात्रा को सम्मानित करते उपाधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार।

- उपाधि महाविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आयोजित हुई कार्यशाला
- डेटा सुरक्षा और मानवीय मूल्यों के संतुलन पर वक्ताओं ने दिया विशेष जोर

**अमृत विचार** : कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर फैल रहे भ्रम और आशंकाओं के बीच शहर के उपाधि महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को नई दिशा दिखाई गई। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि एआई नौकरियां छीनने वाली नहीं, बल्कि भविष्य के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलने वाली तकनीक है, बशर्ते युवा इसे सीखने और अपनाने के लिए तैयार रहें।

शहर के उपाधि महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज की आवश्यकता, कल की चुनौती विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन करके की गई। प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार ने कार्यशाला की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता नेहा पंत जोशी ने कहा कि एआई अब केवल तकनीकी प्रयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और उद्योग जगत का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे एआई को रोजगार के लिए खतरा मानने के बजाय इसे अपने कौशल विकास का अवसर समझें और समय के साथ खुद को अपडेट रखें। निर्मल राजपूत ने एआई के साथ डेटा सुरक्षा और गोपनीयता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। सूर्य प्रकाश ने कहा कि भविष्य की दुनिया पूरी तरह तकनीक आधारित होगी, जिसमें तार्किक सोच और समस्या समाधान की क्षमता ही सफलता की कुंजी बनेगी। शिक्षक डा. जितेंद्र नाथ मिश्रा ने एआई को शिक्षा प्रणाली को अधिक विद्यार्थी-केंद्रित और प्रभावी बनाने वाला सशक्त माध्यम बताया। डॉ.अनुपम पाण्डेय ने तकनीकी नवाचारों को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि यही समय है जब युवा नई तकनीकों से जुड़कर अपने करियर को मजबूत कर सकते हैं।

प्रोफेसर विनय कुमार गर्ग ने लेखांकन, ऑडिट और वित्तीय विश्लेषण में एआई की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में बीकाम के छात्र-छात्राओं श्रेया सैनी, पावनी शर्मा, माही शर्मा, नितेश वर्मा, श्रेयस शर्मा, लक्ष्य शर्मा और अनीशा ने विचार रखे। इस मौके पर प्रोफेसर प्रणव शर्मा, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. दुर्गेश धर द्विवेदी, डॉ. कविता, डॉ. शैफाली, विपिन नीरज आदि मौजूद रहे।

# बेनहर स्कूल में आगामी सत्र के लिए प्रीफेक्ट्स घोषित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शिक्षिकाओं संग छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : बेनहर पब्लिक स्कूल में आगामी सत्र के लिए छात्र गतिविधियों के प्रशासन के लिए प्रीफेक्ट्स घोषित कर दिए गए। इससे पूर्व परंपरागत रूप से कई चरणों में चयन प्रक्रिया चली। इसमें उनके अनुशासन स्तर, संवाद योग्यता, नेतृत्व क्षमता, सामान्य ज्ञान और विद्यालय की गरिमा व संस्कृति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का मूल्यांकन किया गया।

एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा के नेतृत्व एवं कोआर्डिनेशन से सिलेक्शन प्रतिक्रिया शुरू कराई गई। हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा ने चयनित प्रीफेक्ट्स के नाम घोषित किए और प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी ने उन्हें कार्य निष्ठा की शपथ ग्रहण कराई। इस दौरान सान्या पटेल (हेडगर्ल), जसराज सिंह (हेड ब्वाय), मुनज्जा हबीब (कल्चरल कैप्टन), अमृत सिंह रंधावा (ईको क्लब कैप्टन), अनामिका सिंह (कैप्टन, अरावली हाउस), आधार मिश्रा (वाइस कैप्टन, अरावली हाउस), प्रियंका (कैप्टन, हिमालया हाउस), श्रेया गुप्ता (वाइस कैप्टन, हिमालया हाउस), स्पर्श अग्रवाल (कैप्टन, सतपुरा हाउस), शिखर सक्सेना (वाइस कैप्टन, सतपुरा हाउस), देवांश मित्तल (कैप्टन, विंध्या हाउस), जसमन सिंह (वाइस कैप्टन, विंध्या हाउस), एथलेटिक्स कैप्टन मोहम्मद फराज, बास्केटबॉल कैप्टन सुमित कुमार शर्मा, स्विमिंग कैप्टन पार्थ सक्सेना, बैडमिंटन कैप्टन अंकित प्रताप सिंह, कबड्डी कैप्टन मोहम्मद राहिम शम्सी, टेबल टेनिस कैप्टन अर्पिता गंगवार, क्रिकेट कैप्टन आरुष शर्मा, वॉलीबॉल कैप्टन धर्मप्रीत सिंह, फुटबॉल कैप्टन यूमिन रजा बनाए गए। इस दौरान विगत सत्र के दौरान इंटर हाउस प्रतियोगिताओं एवं अन्य गतिविधियों में अर्जित अंकों के आधार पर अरावली हाउस को विजेता और विंध्या हाउस को उपविजेता घोषित कर ट्राफी दी गई। सह- प्रशासक गुरदित्त सिंह सैहमी, हेड मिस्ट्रेस जूनियर नेहा पांडेय, प्राइमरी इंचार्ज रचना वाधवा, आईटी हेड विजय जायसवाल, एग्जामिनेशन इन्चार्ज मीतू शर्मा, किड्स वर्ल्ड इंचार्ज मोहिनी उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# बा स्कूलों की छात्राएं करेंगी शैक्षिक भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

## शिक्षा

- शासन की ओर से प्रति विद्यालय के लिए जारी किया बजट
- विज्ञान केंद्र,संग्रहालय और ऐतिहासिक स्थलों पर करेंगी भ्रमण

**अमृत विचार** : शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहती, इस बात को ध्यान में रखते हुए जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की छात्राओं के लिए एक विशेष शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। यह शैक्षिक भ्रमण फरवरी माह में आयोजित होने वाले इस भ्रमण के दौरान छात्राएं विज्ञान केंद्र, संग्रहालय और विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगी, जहां वे किताबों में पढ़े तथ्यों को प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से समझ सकेंगी। इस प्रोजेक्ट के लिए शासन की ओर से प्रति विद्यालय 1.72 लाख रुपये के हिसाब बजट आवंटित किया गया है। इस पहल से छात्राओं का शैक्षिक दायरा, सामाजिक समझ और व्यावहारिक कौशल सभी क्षेत्र में बढ़ेगा और उनके व्यक्तित्व का विकास भी होगा।

जिले में नौ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें अध्ययनरत छात्राएं ग्रामीण क्षेत्र की है। इनमें अध्ययनरत छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण पर भेजा जाएगा। शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्राएं विज्ञान केंद्र, संग्रहालय, ऐतिहासिक स्थल, शैक्षिक संस्थान और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े स्थानों को देखेंगी। जिससे पढ़ाई में आसानी होने के साथ-साथ सीखने का मौका भी मिलेगा। बॉ स्कूलों की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराने के लिए शासन की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रति विद्यालय को1.72 लाख रुपये का बजट मिलेगा। बॉ स्कूलों की छात्राओं को 15 से 25 फरवरी के बीच शैक्षिक भ्रमण कराने के लिए शेड्यूल भी शासन की ओर से निर्धारित कर दिया गया है।

बॉ स्कूलों की छात्राओं को लग्जरी बस, बैनर, दोपहर का लंच आदि की व्यवस्था की जाएगी। एक्सपोजर विजिट के दौरान सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस भ्रमण में शिक्षिकाओं और बॉर्डनों की निगरानी में ही भ्रमण करेंगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के एक्सपोजर विजिट्स से छात्राएं न केवल अपनी शिक्षा में आत्मविश्वास महसूस करेंगी, बल्कि जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए भी अधिक तैयार होंगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को पढ़ाई और अनुभव के बीच की खाई को पाटने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका सोचने-समझने का नजरिया और भी व्यापक होगा।

### एक्सपोजर विजिट को तैयार होगा माइक्रोप्लान

बॉ स्कूलों की छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा माइक्रोप्लान तैयार किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों की छह सदस्यीय सीमित का गठनकिया जाएगा। जिसमें डीएम अध्यक्ष होंगे। जबकि सदस्य के तौर पर सीडीओ, सीएमओ, एआरटीओ, एसपी और बीएसए सदस्य होंगे। डीएम के अनुमोदन कराकर राज्य परियोजना कार्यालय भेजा जाएगा। यह समिति एक्सपोजर विजिट का प्लान तैयार करेंगी कि छात्राएं किस जगह विजिट करने जाएंगी।

> परियोजना के निर्देश पर बॉ स्कूलों की छात्राओं को एक्सपोजर विजिट पर भेजा जाएगा। इसको लेकर आदेश आया है। साथ ही बजट भी आवंटित होगा। इसको लेकर समिति के निर्देश पर माइक्रोप्लान तैयार कर छात्राओं को भ्रमण पर भेजा जाएगा। यह अच्छी पहल है। इससे किताबी ज्ञान के साथ अन्य बातों से रुबरु हो सकेंगी। – **रोशनी सिंह**, बीएसए

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### महिला से छेड़छाड़ मामले में रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** हजारा थाने में दी तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी भाभी 27 जनवरी को घर के पास गन्ने के खेत में शौच को गई थी। इस दौरान ग्राम कबीरगंज निवासी दिनेश कुमार ने पकड़ा और छेड़छाड़ की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर ममाले की जांच पड़ताल कर रही है।

### स्कूल में हुई चोरी की एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी थाना में दी गई तहरीर में शिवनगर कॉलोनी के निवासी सुरेंद्र कुमार राठौर ने बताया कि वह कपोजिट विद्यालय दहगला में प्रभारी प्रधानाध्यापक पद पर तैनात है। 27 जनवरी की रात चोरों ने स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र आदि में चोरी की। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर :** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह भट्टे पर परिवार के साथ ईट पाथने का काम करती है। 20 वर्षीय पुत्री भी भट्टे पर कार्य कर रही थी। 28 जनवरी को पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### पुण्यतिथि पर याद किए महात्मा गांधी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर मनाई गई। महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। कहा कि वह सत्य अहिंसा के पुजारी थे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष पुष्पा गंगवार, हरीश कुमार सिंह, कमल कुमार गौड़, रिजवान मियां, कामरान, जिशान, इरफान, शाहिद खान, हरिशंकर कश्यप, अभिनव गुप्ता गोल्डी, रामनाथ आदि मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मानपुर टेहरी निवासी सौरभ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुरानी रंजिश के चलते खेत से घर लौट रहे उसके पिता गोपालदास पर गांव के नेतराम, अशोक ने हमला कर दिया। जिसमें पिता घायल हो गए। उनका पीलीभीत के निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# अचानक स्टार्ट हुआ ट्रैक्टर, पहिए से कुचलकर श्रमिक की जान गई

## बीसलपुर के मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी में व्यापारी के गोदाम के बाहर हुआ हादसा

**संवाददाता, बीसलपुर**



हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार



रेशू खां

- बोरिया उतार रहा था श्रमिक, ट्रैक्टर को बंद करने के दौरान हुआ सड़क हादसा

> एक व्यापारी के गोदाम पर मजदूरी करते वक्त हुए हादसे में श्रमिक की मौत की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस बल के साथ मौका मुआयना कर जानकारी की गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। – **संजीव कुमार शुक्ला**, कोतवाल बीसलपुर

**अमृत विचार :** व्यापारी के गोदाम में ट्रैक्टर ट्रॉली से आई मैदा की बोरियां उतारते वक्त हादसा हो गया। ट्रॉली का डाला खोलते वक्त अचानक ट्रैक्टर आगे की तरफ धक्का लगने के बाद स्टार्ट हो गया। ट्रैक्टर को बंद करने के दौरान ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आकर श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां जनूबी निवासी छोटे खां का 38 वर्षीय पुत्र रेशू खां मजदूरी करते थे। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे स्टेशन रोड पर स्थित एक व्यापारी के गोदाम में ट्रैक्टर ट्रॉली में लदकर मैदा भरे बोरे आए थे। इन्हें उतारकर गोदाम में रखने के लिए श्रमिक लगाए गए थे। इसमें रेशू खां भी मजदूरी करने के लिए गया था। व्यापारी भी गोदाम पर ही मौजूद था। बताते हैं कि खड़ी ट्रॉली का डाला खोला जा रहा था। इसी समय ढाल पर खड़े होने के कारण ट्रैक्टर आगे बढ़ने लगा और अचानक स्टार्ट हो गया। श्रमिक रेशू खां ट्रैक्टर को बंद करने के लिए दौड़ा। जैसे ही ट्रैक्टर के ऊपर चढ़ा, वैसे ही उसका पैर फिसल गया। इसके बाद वह ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया और कुचलकर जान चली गई। हादसे के बाद कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के बारे में जानकारी की। शव को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला गया। परिवार वाले भी आ गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, परिजन का रोकर बुरा हाल रहा।

## बैंकों से व्यापारियों को नहीं मिल रहा अपेक्षित सहयोग : जिलानी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष एमए जिलानी का कहना है कि बैंकों द्वारा व्यापारियों को अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। उन्होंने गांधी सभागार में हुई व्यापार बंधु की मासिक बैठक में भी इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा व्यापारियों को अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है, जिससे व्यापारिक गतिविधियों में बाधा आ रही है।

शहर में पार्किंग की कोई सुचारू व्यवस्था न होने के कारण बाजारों में जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे ग्राहक और व्यापारी दोनों परेशान हैं। नगर की सीवरेज व्यवस्था अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जिसे दुरुस्त करने की मांग की गई। इसके अलावा शहर में पाइपलाइन डालने के नाम पर खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने से आ रही परेशानी का हवाला देते हुए समाधान कराने की मांग की है। कहा कि सड़कें टूटी होने से आवागमन बाधित है और धूल उड़ने से स्वास्थ्य पर बुरा असर है। हर वर्ष आने वाली बाढ़ की विभीषिका से निपटने के लिए प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की गई। फिलहाल डीएम ने इसके समाधान का आश्वासन दिया है।

# मैजिक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल



जिला अस्पताल स्थित इमरजेंसी के बाहर मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- टनकपुर हाईवे पर न्यूरिया थाना क्षेत्र में हुआ सड़क हादसा
- परिजन ने अस्पताल स्टाफ पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार :** रिश्तेदार के साथ बाइक से घर लौट रहे ग्रामीण की मैजिक की टक्कर से मौत हो गई। हादसे में मृतक के रिश्तेदार को गंभीर चोटें आईं। परिवार वालों ने इमरजेंसी स्टाफ पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दियुनी केसरपुर निवासी 52 वर्षीय राजेंद्र सिंह खेती करते थे। वह अपने समधी श्रीपाल के साथ गुरुवार को गांव बिथरा की तरफ गए थे। टनकपुर हाईवे पर पिपरिया गांव के पास पहुंचते ही देर शाम बाइक को मैजिक ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान रात करीब नौ बजे राजेंद्र की मौत हो गई। इसके बाद परिवार के सदस्य जमा हो गए। उन्होंने इमरजेंसी में मौजूद स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। उनका कहना था कि स्टाफ पैर में हुए फ्रैक्चर का इलाज करता रहा और इसी में करीब तीन घंटे बाद मौत हो गई। हालत गंभीर होने के बाद भी रेफर न किए जाने पर भी सवाल उठाए। परिवार के नाराजगी जताने के दौरान मामूली हंगामा भी हुआ। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने पहुंचकर शांत करा दिया।

# बस ने कार में मारी टक्कर, हंगामा

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस।

- ईदगाह क्रासिंग पर कार क्षतिग्रस्त चालक पर नशे में होने का आरोप

**अमृत विचार :** ईदगाह रेलवे क्रासिंग पर बरेली डिपो की रोडवेज बस ने खड़ी कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद हंगामा हो गया। चालक पर नशे में होने का भी आरोप लगाया गया।

बता दें कि बरेली के सक्षम किसी कार्य से पीलीभीत आए थे। ईदगाह रेलवे क्रासिंग बंद होने के कारण वह ट्रेन के गुजरने का इंतजार कर रहे थे। इस बीच पीछे से आई रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी। इसके बाद हंगामा हो गया।

रोडवेज चालक पर नशे में बस चलाने का आरोप लगाया गया। पुलिस के पहुंचने पर भी कुछ देर विवाद होता रहा। इस बीच परिचालक भाग गया। स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बस को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया और चालक को हिरासत में लेकर थाने आ गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

**ई-रिक्शा की टक्कर से युवक घायल, चालक को पीटा :** गांधी स्टेडियम रोड पर ई-रिक्शा की टक्कर से पैदल जा रहे युवक के घायल होने के बाद भीड़ ने चालक की पिटाई कर दी।

बताते हैं कि सुनगढ़ी क्षेत्र के स्टेडियम रोड पर शुक्रवार को शहर के रहने वाले महेंद्र कुमार गौहनिया चौराहे की तरफ पैदल जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें महेंद्र घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। कुछ लोगों ने ई-रिक्शा चालक को पकड़ा और पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। घायल को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। पुलिस ने चालक को समझा-बुझाकर भेज दिया।

## जमीन के विवाद में ग्रामीण पर हमला

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** सगे भाइयों की गांव में खाली पड़ी पुस्तैनी जगह पर कुछ लोगों ने कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव सिसैईया के निवासी लालता प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का ही दिलीप कुमार, जियालाल, देवदत्त, भूपेंद्र, डोरी लाल, नरेश, ईश्वरी प्रसाद उनकी खाली पड़ी पुश्तैनी जगह पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। इसी को लेकर रंजिश भी चल रही है। 29 जनवरी को जब उसके भाई तौलेराम घर पर थे। इस बीच आरोपी लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और भाई तौलेराम पर हमला कर दिया। डंडे से सिर पर वार किए गए। शोर सुनकर दिनेश कुमार बचाने पहुंचे तो उनकी भी पिटाई कर दी। एसएसआई ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# हमला करने का आरोपी गया जेल

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



सुनगढ़ी पुलिस की गिरफ्त में आरोपी इको चालक।

- शहर के नौगवां चौराहा पर सिपाही पर किया था हमला
- जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में हुई एफआईआर

**अमृत विचार :** यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल पर हमला करने वाले इको चालक पर पुलिस ने शिकंजा कसा। सुनगढ़ी थाने में आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई। दूसरे दिन चालान कर कोर्ट में पेश करके उसे जेल भेज दिया है।

बता दें कि शहर के नौगवां चौराहा के पास से लंबे समय से अवैध तरीके से इको का संचालन हो रहा है। इसमें कई बार विवाद भी हो चुके हैं। रोडवेज कर्मी भी इसके खिलाफ आंदोलन कर चुके हैं। गुरुवार रात ईको चालक सुनगढ़ी क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी निवासी विपिन कुमार अनाधिकृत रूप से नौगवां चौराहा से सवारियां भर रहा था। इस दौरान यातायात व्यवस्था बाधित हो रही थी। इसी बीच ड्यूटी पर मौजूद यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल उपेंद्र कुमार पहुंचे और वाहन हटाने के लिए कहा गया। चालान की कार्रवाई की जाने लगी। इसी से गुस्साकर अचानक ही इको चालक ने पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। लोहे की रॉड से वार किए थे। जिसे मौके से ही हिरासत में ले लिया था। सुनगढ़ी पुलिस ने घायल पुलिसकर्मी का जिला अस्पताल भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया। इस मामले में आरोपी इको चालक के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि आरोपी विपिन कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है। लोहे की रॉड भी बरामद की गई है।

# परेशानी : घरों में आ रहा गंदा पानी

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



निरंजनकुंज कॉलोनी के एक घर में टंकी से निकला गंदा पानी।

- नजदीक में ही कई दिनों से क्षतिग्रस्त है पाइपलाइन
- नगर पालिका की पेयजल सप्लाई में नहीं हो सका सुधार नागरिक परेशान

**अमृत विचारः** अमृत योजना के तहत शुरू किया गया पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य अब लोगों के लिए मुसीबत बन चुका है। निरंजन कुंज कॉलोनी में पिछले चार दिनों से घरों में गंदा और बदबूदार पानी पहुंच रहा है। इसका समाधान नहीं कराया जा सका है।

बता दें कि नगर पालिका की ओर से अमृत योजना के तहत पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य कराया जा रहा है। इसे लेकर कई जगह की गई खुदाई का असर आसपास के इलाकों में जलापूर्ति पर पड़ रहा है। निरंजनकुंज कॉलोनी व आसपास के घरों में गंदे पानी की शिकायत बनी हुई है। लोगों का कहना है कि पाइपलाइन शिफ्टिंग के दौरान पुरानी और नई लाइनों को सही तरीके से नहीं जोड़ा गया, जिससे सीवर और गंदे पानी की मिलावट हो रही है। कई घरों में नलों से मटमैला पानी आ रहा है। पाइपलाइन डालने के लिए कॉलोनी की कई सड़कों को खोद दिया गया, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद मरम्मत नहीं कराई गई। इसका सुधार कराने की मांग की है। ईओ संजीव कुमार का कहना है कि शहर में इन दिनों पाइप लाइन को लेकर काम चल रहा है। इस वजह से कुछ जगह गंदा पानी पहुंच गया। गंभीरता से दिखवाया जाएगा, ताकि लोगों को स्वच्छ पानी मिल सके।

# वारंटी पकड़ने गई टीम से भिड़े परिवार वाले

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- एएसपी ने दिए एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश

**अमृत विचारः** वारंटी को पकड़ने गई गजरौला पुलिस से आरोपी को परिवार वाले भिड़ गए। गिरफ्तारी का विरोध करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली गई। इतना ही नहीं हमलावर भी हो गई। हालांकि पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। आरोपी के परिवार ने भी पुलिस टीम पर दबिश के दौरान महिलाओं से अभद्रता करने का आरोप लगाया है।

घटना गजरौला क्षेत्र की है। बताते हैं कि ग्राम नगरिया के रहने वाले इंद्र कुमार का न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। इसी को लेकर गजरौला पुलिस शुक्रवार सुबह करीब चार बजे के आसपास आरोपी की गिरफ्तारी करने गई। बताते हैं कि पुलिस ने जैसे ही आरोपी के घर दबिश दी, उसके परिवार वाले पुलिस टीम से भिड़ गए। विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया और हमलावर हो गए। इसे लेकर हंगामा हो गया। परिवार के अलावा कुछ अन्य लोग भी आ गए और पुलिस से अभद्रता करने का प्रयास किया। हालांकि बाद में पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। एएसपी विक्रम दहिया ने बताया कि आरोपी के परिजन और कुछ अन्य लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालने की कोशिश की। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## बार काउंसिल सदस्य पद के लिए हुआ मतदान

**बीसलपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य पदों के लिए शुक्रवार को सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मतदान हुआ। मुंसिफ कोर्ट भवन में बनाए गए मतदान केंद्र पर न्यायिक अधिकारियों व पीठासीन अधिकारी की मौजूदगी में यूपी बार काउंसिल के 25 सदस्य पद के लिए मतदान सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक चला। बीसलपुर सिविल बार एसोसिएशन के महासचिव सुशील सिंह तोमर ने बताया कि शुक्रवार को 286 वोटों की पोलिंग में 140 मत डाले गए। बकाया 146 वोट के लिए शनिवार को मतदान होगा।

# युवक को पीटकर छत से फेंकने का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- कोतवाली पुलिस ने दर्ज की नामजद रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम नावकूड़ के रहने वाले प्रीतमलाल पुत्र रामबहादुर ने बताया कि उनका पुत्र सुनील कुमार 25 जनवरी को शाम करीब पौने सात बजे गांव में ही दूध लेने जा रहा था।

इस बीच रास्ते में गांव के चरन सिंह ने उससे अभद्रता की। जब वह इसकी शिकायत करने के लिए चरन सिंह के पिता बालमुकुंद के पास गया तो उस पर हलमा कर दिया गया। उनके पुत्र की पिटाई की गई। आरोप है कि जान लेने की नियत से छत से फेंक दिया। बरेली के एक निजी अस्पताल में पुत्र का इलाज चल रहा है। वहां ऑपरेशन भी हो चुका है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

### घर के बाहर खड़े युवक को पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में मोहल्ला अशरफ खां निवासी सलमान ने बताया कि 29 जनवरी को वह घर के बाहर थे। इस बीच पुराने विवाद में हसनी और उसके भाई मुन्ना ने हमला कर पीटा। इस दौरान जेब में रखे बीस हजार रुपये भी गिर गए। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# शारदा का बढ़ा जलस्तर पुल का निर्माण रोका

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



पांटून पुल पर शारदा नदी का पानी।

- पांटून पुल के रास्ते पर भी जलभराव होने से संपर्क कटा

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर हुई बारिश के बाद एक बार फिर शारदा नदी उफना गई है। बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी के पहुंचते ही शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया। आलम ये रहा कि पांटून पुल पर भी नदी का पानी आ गया। जिसके बाद एहतियातन आवागमन बंद कर दिया गया। कार्यदायी संस्था ने भी पुल निर्माण कार्य रोक दिया है।

बता दें कि बीते कुछ दिनों से हो रही पहाड़ों पर बारिश के बाद बनबसा बैराज से पानी छोड़ा गया। यह पानी शारदा नदी में पहुंचते ही जलस्तर बढ़ गया है। जिसके बाद शुक्रवार को पांटून पुल पर भी नदी का पानी बहता दिखा। शारदा पार के लोगों को राहत देने के लिए पुल का निर्माण कार्य भी चल रहा है। नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद कार्यदायी संस्था ने फिलहाल काम रोक दिया। इधर, पांटून पुल पर भी पानी आने की वजह से हादसा न हो, इसलिए आवागमन बंद कर दिया गया है। ऐसे में अब मुख्यालय तक पहुंचने के लिए शारदा पार के लोगों को लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा।

## 28 उपकेंद्रों पर दवा वितरण की तैयारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नगर पालिका पूरनपुर में शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें पूरनपुर ब्लॉक के 28 उपकेंद्रों पर फाइलेरिया की दवा का वितरण सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

बता दें कि इस बार फाइलेरिया की दवा में एक नई दवा इवरमेक्टिन को भी शामिल किया गया है। इस दवा का वितरण आयु वर्ग के अनुसार तीन श्रेणियों में किया जाएगा।दो से पांच वर्ष, पांच से 15 और 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को निर्धारित मात्रा में दवा दी जाएगी। इस मौके पर चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, ईओ एजाज अहमद, सीएचसी प्रभारी डॉ. मनीष राज शर्मा, डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि श्याम सचिन, पीसीआई से अनुराग, स्वीटी, बीसीपीएम मीनाक्षी दुबे, प्रतिरक्षण अधिकारी संजीव कुमार, दीपेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# महिला समूहों को मिलेगी आरआरसी सेंटर संचालन की जिम्मेदारी

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**




एक आरआरसी सेंटर के अंदर पड़ा मलबा। ● अमृत विचार




शहर से सटे इलाके की ग्राम पंचायत में बना आरआरसी सेंटर।

- पंचायत विभाग ने एनआरएलएम के अफसरों से किया संपर्क
- 695 ग्राम पंचायतों में बने अधिकांश आरआरसी सेंटरों पर लटके हैं ताले

> ग्राम पंचायत स्तर पर आरआरसी सेंटरों का निर्माण कराया गया है। इनके संचालन को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बावजूद नियमानुसार संचालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में अब महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से इन सेंटरों का संचालन कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। – **रोहित भारती**, डीपीआरओ

**अमृत विचार :** गांवों को कचरा मुक्त बनाने के लिए आरआरसी सेंटर (एकीकृत ठोस प्रबंधन केंद्र) बनाए गए हैं। माना जा रहा था कि इन सेंटरों के बनने के बाद गांवों की सड़कें और गलियां भी शहर की तर्ज पर साफ-सुथरी दिखाई देगी, लेकिन, जमीनी हकीकत जुदा है। अधिकांश आरआसी सेंटर फाइलों में ही संचालित हो रहे हैं। इधर अब शासन के निर्देश के बाद इन ठप पड़े आरआरसी सेंटरों को महिला स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से संचालित करने की कवायद शुरू की गई है। इसको लेकर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संपर्क किया गया है।

शासन ने गांवों को कचरा मुक्त बनाने के लिए के लिए जनपद की सभी 720 ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर बनाने के आदेश दिए हैं। विभागीय अफसरों के मुताबिक अब तक जनपद की 695 ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर बन चुके हैं। इसमें 527 आरआरसी सेंटर क्रियाशील होना बताया जा रहा है। दरअसल गांवों के सार्वजनिक स्थलों से निकलने वाले कूड़े को एकत्र कर आरआरसी सेंटरों तक पहुंचना था। इधर करोड़ों रुपए खर्च कर आरआरसी सेंटरों का तो निर्माण करा दिया गया, लेकिन ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मी गांवों से निकलने वाले कूड़े को आरआरसी सेंटरों में न डालकर इधर-उधर डाल रहे हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक भी नालियों समेत जहां-तहां पड़ी दिखाई दे रही है। ऐसे में गांवों को कचरा मुक्त बनाने की शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। इधर शासन ने जनपद में बने आरआरसी सेंटरों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। कहा गया है कि यदि आरआरसी सेंटर क्रियाशील नहीं हैं तो ऐसे सेंटरों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संचालित कराया जाए। शासन से मिले दिशा निर्देश के बाद पंचायती राज विभाग ने ठप पड़े आरआरसी सेंटरों के संचालन को लेकर कवायद शुरू कर दी है। विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अफसरों से संपर्क किया जा रहा है। विभाग इस बात की तहकीकात कर रहा है कि ग्राम पंचायत स्तर पर कितने स्वयं सहायता समूह है। यदि ग्राम पंचायत स्तर पर बने समूह आरआरसी सेंटरों के संचालन को हामी भरते हैं तो उन्हें प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक
एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज
स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर
मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


## मझोला पकड़िया स्टेशन पर शौचालय बंद

**मझोला, अमृत विचार :** मझोला पकड़िया रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए बना शौचालय अधिकांश समय बंद रहने से परेशानी बरकरार है। यात्रियों का कहना है कि ट्रेन के इंतजार के दौरान शौचालय बंद रहने से उन्हें स्टेशन परिसर के बाहर जाना पड़ता है, जिससे स्वच्छता और सुरक्षा दोनों पर असर है। स्टेशन परिसर में आवारा कुत्तों का जमावड़ा भी बना रहता है, जिससे यात्रियों में भय का माहौल है। उधर, जिम्मेदारों का अपना तर्क है। उनका कहना है कि शौचालय स्टेशन भवन से काफी दूर है। स्टाफ की कमी के कारण उसे नियमित रूप से खुला रखना संभव नहीं हो पा रहा है।

### व्यापारी बोले- जीएसटी कटौती, आयात शुल्क शून्य और एमसीएक्स पर हो नियंत्रण

# बजट से आस : महंगाई में गुम हुई सराफा की रौनक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- लगातार बढ़ रहे सोने और चांदी के भाव से सभी परेशान

**अमृत विचार :** लगातार रिकॉर्ड ऊंचाई छूते सोने-चांदी के दामों और बाजार में बनी अनिश्चितता के बीच सराफा कारोबार की चमक फीकी पड़ती जा रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार के उतार-चढ़ाव, डॉलर की मजबूती और घरेलू कर ढांचे के दबाव ने आभूषणों की खरीद-फरोख्त को प्रभावित किया है। ऐसे में आगामी बजट से सराफा व्यापारियों की निगाहें राहत पर टिकी हैं। उन्हें उम्मीद है कि सरकार जीएसटी में कटौती, सोने-चांदी पर आयात शुल्क में छूट और एमसीएक्स पर सख्त नियंत्रण जैसे कदम उठाकर न केवल कारोबार को संजीवनी देगी, बल्कि महंगाई से जूझ रहे ग्राहकों को भी राहत मिलेगी।

बता दें कि सरकार की ओर से आम बजट पेश किया जाएगा। इससे आमजन से लेकर व्यापारियों तक में सरगर्मी तेज हो गई है। इस बार बजट को लेकर सराफा व्यापारियों अधिक उम्मीद लगाए बैठे हैं। लगातार बढ़ते सोने-चांदी के भाव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। आलम यह है कि तीन माह में चांदी का भाव तीन लाख रुपये तक पहुंच गया है। जबकि सोने का भाव 1.90 लाख तक टिका हुआ है। ऐसे में शादी ब्याह वाले लोग अधिक परेशान है। हर दिन सोने का रेट बढ़ रहा है। ऐसे में ग्राहक और कारोबारी दोनों असमंजस में है। सराफा कारोबारियों के अनुसार अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के भाव में तेजी डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी और घरेलू स्तर पर ऊंचा टैक्स ढांचा कारोबार पर भारी पड़ रहा है। खासकर जीएसटी और आयात शुल्क के चलते जेवरात महंगे हो गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि आम बजट में यदि सरकार सोने-चांदी पर लगने वाले जीएसटी में कटौती करती है और आयात शुल्क को शून्य न्यूनतम करती है तो बाजार में फिर से रौनक लौट सकती है। इसके साथ ही एमसीएक्स पर सट्टा गतिविधियों पर नियंत्रण की भी मांग उठ रही है। ताकि भावों में अनावश्यक उतार-चढ़ाव रोका जा सके।



सोने-चांदी पर चल रहे उतार चढ़ाव से ग्राहक ही नहीं बल्कि सराफा कारोबारी भी परेशान हैं। सरकार को एमसीएक्स पर नियंत्रण करने की जरूरत है। साथ ही बजट में कोई ऐसा विधिक पास होना चाहिए। इससे सोने का भाव में स्थिरिता बनी रहे। इसके अलावा आयात शुल्क भी शून्य हो। - **अर्पित अग्रवाल**, सराफा कारोबारी



सरकार को बजट में सराफा पर ध्यान देने की जरूरत है। लंबे अरसे से कारोबार कर रहे हैं, लेकिन आज तक सोने में इतनी तेजी नहीं देखी है। ग्राहक और दुकानदार दोनों ही परेशान हैं। बजट में सरकार को ऐसा नियम लाना चाहिए। जिससे सोने के भाव में स्थिरिता बनी रहे। आयात शुल्क भी कमी लाने की जरुरत है। - **राकेश वर्मा**, जिलाध्यक्ष, स्वर्णकार समाज

# न्यूजीलैंड में नौकरी का दिखाया सपना, ठगे 24.49 लाख रुपये

### विभिन्न औपचारिकताएं पूरी करने के नाम पर भी पीड़िता से कराया लाखों खर्च

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने परिवार समेत जान से मारने की दी धमकी
- एसपी के आदेश पर गजरौला पुलिस ने दर्ज की चार नामजद के खिलाफ एफआईआर

**अमृत विचार :** परिवार समेत न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर महिला से जालसाजों ने 24.49 लाख रुपये की ठगी कर ली। इसके अलावा भी लाखों का खर्च करा दिया गया। आरोपियों ने लंबे समय तक वीजा के इंतजार में टालमटोल की और फिर जब ठगी का एहसास होने पर रुपये वापस मांगे गए तो परिवार समेत जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। एसपी के आदेश पर गजरौला पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है।

गजरौला थाने में दी गई तहरीर में ग्राम विशनपुर उर्फ ग्रांट नंबर दो की रहने वाली पिंकी कौर पत्नी शमशेर सिंह ने बताया कि उनकी पहचान बनबसा (उत्तराखंड) के ग्राम गाविगोथ पोस्ट चंदानी निवासी जरनैल सिंह सिंह से थी।

जरनैल सिंह विदेश भेजकर लोगों को नौकरी दिलाने का काम करता है। आरोपी ने उन्हें विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आश्वस्त किया कि वह अपने साथियों की मदद से पीड़िता के परिवार को वर्क वीजा दिलाकर न्यूजीलैंड भिजवा देगा। इसके लिए 40 लाख रुपये की मांग की गई। इसके बाद 30 लाख रुपये में सौदा तय किया गया। 2 अगस्त 2023 को जरनैल सिंह के कहने पर उन्होंने आरोपी की बहन गुडगांव के पार्षनाथ एक्सोटिका गोल्फ कोर्स रोड निवासी इंद्रपाल कौर पत्नी अभिषेक भंसाली के खाते में यूपीआई के माध्यम से 25 हजार हजार रुपये, उसी साल 28 मार्च को आरटीजीएस के माध्यम से 2.50 लाख रुपये, 29 मार्च को यूपीआई के माध्यम से एक लाख रुपये, सात अक्टूबर 2023 को 85 हजार रुपये, 13 अक्टूबर को 1.5 लाख रुपये, 14 अक्टूबर को 64 हजार, 26 अक्टूबर को 60 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। 12 अक्टूबर 2023 को जरनैल सिंह के खाते में 1.5 लाख रुपये, दूसरे दिन 13 अक्टूबर को जरनैल सिंह के कहने पर उसके बहनोई अभिषेक के खाते में 75 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। ये सभी ट्रांजेक्शन पीड़िता के आईडीबीआई शाखा पीलीभीत के खाते से किए गए थे। इसके अलावा भी कई ट्रांजेक्शन किए गए। कुल 24.49 लाख रुपये दिए गए। इसके बाद इंद्रपाल कौर व अभिषेक भंसाली ने वीजा तैयार कर भेजा था। उन्हें न्यूजीलैंड के तीन एयरटिकट (3.52 लाख रुपये के) 12 फरवरी 2024 को खरीदवाए। 14 फरवरी 2024 को उन्हें दिल्ली हवाई अड्डे पर बुलवाया। वह अपने पुत्र सिमरनजीत सिंह के साथ पहुंच गई। इस पर इंद्रपाल कौर ने कॉल कर बताया कि वीजा में कुछ समस्या आ गई है। इसलिए कुछ दिन रहना पड़ेगा। आरोपियों ने गुड़गांव के होटल इलाइट मिलेनियम में बुलवाया और जब वह पहुंची तो वहां पर एक कमरा बुक किए जााने की बात कही। कहा कि जब वीजा क्लीयर हो जाएगा तो न्यूजीलैंड भेज देंगे। कुछ दिन बाद ठगी का शक होने पर जरनैल सिंह से पूछा तो उसने दो-चार दिन में वीजा मिलने की बात कह दी। काफी समय बाद भी जब काम नहीं हुआ ते ठगी का यकीन हो गया। उन्होंने आरोपियों से रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दे दी। इसके बाद न तो रुपये लौटाए और न ही विदेश भेजा। गजरौला पुलिस ने मामले में बनबसा उत्तराखंड के गाविगोथ पोस्ट चंदानी के निवासी जरनैल सिंह, उसकी बहन इंद्रपाल कौर, बहनोई अभिषेक भंसाली और शैलेजा सिंह चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

> विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने का मामला संज्ञान में आया है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। विवेचना कराई जा रही है। साक्ष्य के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। - **बृजवीर सिंह**, एसओ गजरौला

### वीजा के इंतजार में डेढ़ माह तक निजी होटल में ठहरे

पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने होटल में ठहराते वक्त कहा था कि उन्होंने कमरा बुक करा दिया है, जिसका बिल भी वहीं देंगे, लेकिन करीब डेढ़ माह तक वह होटल में रुकी और होटल का बिल 99363 रुपये खुद देकर वापस आई। इसके अलावा टिकट, हेटल, मेडिकल आदि के नाम पर भी कुल 467863 रुपये अतिरिक्त खर्चा करा दिया गया। 31 दिसंबर 2025 को दिल्ली में दस लाख इंद्रपाल कौर कासे दिए थे। इन रुपयों को भी वापस नहीं किया गया।

## घर में घुसकर पिता-पुत्र के साथ मारपीट, रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम वैरा निवासी संजीव ने बताया अरविंद कुमार, पंकज कुमार, कमल और अंकित ने उनकी छत पर ईट फेंकी। जिसमें टिन क्षतिग्रस्त हो गई। विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें व पुत्र अभिनव से मारपीट की। पुलिस ने पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा में 45 आवेदन मिले लंबित



उद्योग बंधु समिति की बैठक में डीएम, अन्य अधिकारी व व्यापारी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- उद्योग बंधु समिति की बैठक में उद्यमियों ने रखीं समस्याएं
- जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की समिति की बैठक हुई। निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों के करीब 45 आवेदन लंबित पाए गए। डीएम ने संबंधित विभागाध्यक्षों को लंबित आवेदनों एवं उद्यमियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में शुक्रवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस दौरान उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल की विभागवार समीक्षा की। इसमें श्रम प्रवर्तन विभाग, बांटमाप, रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी, विद्युत सुरक्षा निदेशालय का 1-1 आवेदन लंबित पाया गया। इसके अलावा कृषि विभाग के 11, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 11, एमएसएमई के 5, राजस्व विभाग के 8, विद्युत परिषद के 4 एवं अवसंरचना एवं औद्योगिक विकास के 2 आवेदन लंबित पाए गए। इस पर डीएम ने सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने भरा पचपेड़ा स्थित निर्माणाधीन खमीर फैक्ट्री एवं यूपीसीडा औद्योगिक आस्थान के निर्माण कार्यों की जानकारी ली और उपायुक्त उद्योग को कार्यदायी संस्था से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री प्रशिक्षु प्रोत्साहन रोजगार योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस वर्ष अप्रेन्टिस का 300 लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके सापेक्ष अभी तक 235 प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिसशिप के लिए विभिन्न कंपनियों में भेजा गया है। इस दौरान उद्यमियों ने भी विभिन्न समस्याएं रखीं। जिस पर डीएम ने उक्त समस्याओं के निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, व्यपारी नेता एमए जिलानी, देवेश बंसल, अभिषेक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## विशाल नगर अध्यक्ष, पवन बने भाकियू के संगठन मंत्री



मनोनयन पत्र देते भाकियू भानू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- भाकियू भानू के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की

**बिलसंडा, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन भानु द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क और जागरुकता अभियान के क्रम नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।
तहसील अध्यक्ष महेंद्र पाल गंगवार, मीडिया प्रभारी दीनदयाल शास्त्री के नेतृत्व में संगठन ने नगर के विशाल मिश्रा को नगर अध्यक्ष, सचिन वर्मा को उपाध्यक्ष, पवन वर्मा को संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। संगठन को मजबूती प्रदान करने और सशक्त बनाने के लिए संगठन में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

## केबल बाक्स में आई खराबी और गुल हो गई बिजली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर की बिजली व्यवस्था एक बार फिर लड़खड़ा गई। रोडवेज के नजदीक पावर कॉरपोरेशन के स्टोर यार्ड में केबिल बॉक्स में खराबी आने के बाद बिजली गुल हो गई। करीब तीन घंटे तक बिजली गुल रही। इस दौरान जलापूर्ति भी प्रभावित रही। लंबे समय से बिजली सप्लाई बेहतर नहीं हो सकी है।

शुक्रवार सुबह केबल बाक्स में खराबी आ गई। जिसके बाद छतरी चौराहा, दूधिया मंदिर रोड, अस्पताल रोड, सुरभि कॉलोनी, पकड़िया, मूलचंद धर्मशाला समेत कई इलाकों की बत्ती गुल हो गई। इससे घरेलू और व्यावसायिक जीवन पर प्रभाव पड़ा। अधिकांश घरों में विद्युत संचालित मोटर पर पानी की सप्लाई निर्भर है। ऐसे में पानी के लिए भी परेशान होना पड़ा। पावर कॉरपोरेशन की टीम पहुंची और सुधार कराया। इस दौरान करीब तीन घंटे तक सप्लाई बाधित रही।



सुधार करने में लगी टीम।

## कुष्ठ रोग को समाप्त करने की शपथ ली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शपथ लेते चिकित्सक और मेडिकल छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में शुक्रवार को कुष्ठ रोग को समाप्त करने के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. पीसी श्रीवास्तव, डॉ. पूजा सिंधवानी, डॉ. ज्योति त्रिवेदी, डॉ. प्रियंका, डॉ. फरीद समेत संकाय सदस्य, ट्यूटर, कार्यालय कर्मचारी, एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने कुष्ठ रोग की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार, सही जानकारी के प्रसार और कुष्ठ-मुक्त समाज के निर्माण के लिए कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम का समन्वय शरीर क्रिया विज्ञान (फिज़ियोलॉजी) विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुकेश पांडेय ने किया। उन्होंने कुष्ठ रोग उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर जागरूकता, लक्षणों की शीघ्र रिपोर्टिंग और सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला। शपथ में यह बात दोहराई गई कि कुष्ठ रोग पूर्णतः उपचार योग्य है और स्वास्थ्यकर्मियों व चिकित्सा छात्रों की यह नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है कि वे भ्रांतियों को दूर करें। सामाजिक भेदभाव को कम करें और रोगियों को संवेदनशील एवं करुणामय देखभाल प्रदान करें। डीएम का संदेश दोहराया गया।

## युवक की मौत सड़क हादसे की एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में शाहजहांपुर जनपद के कोतवाली तिलहर क्षेत्र के ग्राम आजमाबाद निवासी सौरबेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को उसका भाई गौरवेंद्र प्रताप सिंह बीसलपुर निगोही रोड पर नूरी भट्टे के पास पहुंचा। इस दौरान ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिसमें भसाई को चोट आई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। घायल को अस्पताल लाए, जहां चिकित्सक ने गौरवेंद्र प्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

## न्यूज ब्रीफ

### महिला से मारपीट पति भी घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली मोहम्मदी के गांव सुंदरपुर निवासी आरती देवी पत्नी गुड्डू ने बताया कि गांव के ही राजेश, उसकी पत्नी राजकुमारी, पुत्री नैनसी और परमजीत ने पानी भरने के विवाद को लेकर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। शोर सुनकर जब उसका पति गुड्डू बचाने आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की गई, जिससे दोनों को चोटें आईं। कंचन के साथ भी अभद्रता की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार खड़ी करने पर युवक से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर क्षेत्र के अर्जुनपुरवा निवासी अंकुर कश्यप ने बताया कि रात करीब 10 बजे मोहल्ले के ही कौशल दीक्षित उर्फ पुतान और अमित दीक्षित ने उसके घर के सामने अपनी कार खड़ी कर दी। जिससे आवागमन में काफी दिक्कत होने लगी। जब उन्होंने कारने खड़ी करने का विरोध किया तो दोनों आरोपी गाली-गलौज करने लगे और मारपीट पर उतारू हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए कहने लगे कि गाड़ी यहीं खड़ी करेंगे, विरोध करने पर जान से मार देंगे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गुल्ली लगने से व्यापारी घायल

**पलिया कलां, अमृत विचार :** मोहल्ला किसान दो निवासी मोहल्ला बाजार में ज्वेलरी का कार्य करने वाले एक स्वर्णकार शुक्रवार को बाइक से अपने घर से दुकान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गली में कुछ युवक गुल्ली-डंडा खेल रहे थे। खेल के दौरान तेज गति से तड़ी गई गुल्ली अचानक बाइक सवार व्यापारी के चेहरे पर जा लगी। गुल्ली सीधे आंख की ओर आई, लेकिन सौभाग्य से आंख को गंभीर चोट नहीं लगी।

## तेंदुआ ने बकरी का किया शिकार दहशत में ग्रामीण

**पलियाकलां, अमृत विचार:** गांव इब्राहीमपुरी निवासी संतोष भारती शाम को बकरियों को आंगन में बांधकर सपरिवार सो गए। रात में घर में घुसा तेंदुआ उनकी एक बकरी कुछ दूर गन्ने में उठा ले गया और उसे अपना निवाला बनाया। सुबह इसकी जानकारी होने पर जब उसने इधर-उधर देखा, तो गन्ने में बकरी का अधखाया शव मिलने से हड़कंप मच गया। अनेक ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और वन विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी।जिन्होंने मौके का निरीक्षण किया और पग चिन्ह देख कर तेंदुआ होने की बात कही। उन्होंने लोगों को सतर्क रहने की सलाह भी दी। फिलहाल लोग गत दिवस देवीपुर में गन्ना छील रहे थारू मजदूर के 4 वर्षीय बच्चे को तेंदुए द्वारा मारे जाने की घटना याद कर दहशत में हैं।

### गन्ना ट्रक-स्कूल वैन हादसाः तय की गई नई गाइ डलाइन, पालन करने के दिए निर्देश

# विधायक की पहल पर सड़क सुधार एवं ओवरलोडिंग पर फैसला

संवाददाता, मोहम्मदी

**अमृत विचारः** मोहम्मदी-पुवायां मार्ग पर ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रक के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रही एक स्कूल वैन पर पलट जाने की गंभीर घटना को लेकर मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह गंभीर हैं। उन्होंने अगले दिन ही बाद प्रशासन और चीनी मिल के अधिकारियों के साथ बैठक कर गाइड लाइन बनाई। साथ ही इसके पालन करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को पुवायां रोड पर कुंभी चीनी मिल जा रहा गन्ने से भरा ओवरलोड व ओवरहाइट ट्रक सुआतली मोड़ पर स्कूल की बोलेरो पर पलट गया था। गनीमत रही कि बोलेरो चालक और स्थानीय लोगों की सूझबूझ से उसमें सवार 19 बच्चों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था और कोई भी बच्चा गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। घटना की सूचना पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने पूरे मामले को गंभीरता लिया। विधायक स्वयं मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद व्यापारियों, स्थानीय लोगों तथा अधिकारियों से बातचीत कर दुर्घटना के कारणों और सड़क की स्थिति का जायजा लिया।


प्रशासनिक व मिल अधिकारियों के साथ बैठक करते विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह।

शुक्रवार को विधायक की पहल पर एसडीएम मोहम्मदी, सीओ मोहम्मदी, दोनों चीनी मिलों के अधिकारी, परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में ओवरलोडिंग, ओवरहाइट वाहनों और सड़क की खराब स्थिति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कई अहम गाइडलाइन तय की गईं।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अब 8 टायरा ट्रक पर अधिकतम 160 क्विंटल और 10 टायरा ट्रक पर अधिकतम 200 क्विंटल गन्ना ही चीनी मिलों में तौला जाएगा। इससे अधिक भार पाए जाने पर ट्रक को मिल परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। साथ ही भूसी लदे ट्रकों पर भी सख्ती बरतने का फैसला लिया गया। जिन ट्रकों पर ओवरहाइट में भूसी लदी होगी या जो सड़क पर खतरा बनेंगे, उनके खिलाफ परिवहन और पुलिस विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ये लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

8 टायरा ट्रक पर 160 क्विंटल और 10 टायरा ट्रक पर 200 क्विंटल से अधिक गन्ना किसी भी हाल में नहीं तौला जाएगा। तय सीमा से अधिक भार होने पर ट्रक को सीधे मिल गेट से वापस किया जाएगा। भूसी लदे ओवरहाइट ट्रकों को लेकर भी कड़ा फैसला लिया गया। सड़क पर खतरा बनने वाले ऐसे वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग और पुलिस संयुक्त अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करेंगे।

### चीनी मिल कराएगी खराब सड़क का निर्माण

जिस स्थान पर ट्रक पलटा था, उसके सामने शाहपुर मोड़ पर सीधी चढ़ाई और खराब सड़क को देखते हुए कुंभी चीनी मिल द्वारा आरसीसी सड़क का निर्माण कर ढलान को दुरुस्त कराया जाएगा। वहीं एनएच-730A पर घटनास्थल के पास जहां सड़क बैठ गई है, उसे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा शीघ्र ठीक कराया जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों की नियमित जांच करेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि तय गाइड लाइन के बावजूद लापरवाही बरती गई और कार्रवाई नहीं हुई तो वह स्वयं इसकी निगरानी करेंगे और जरूरत पड़ने पर और कठोर कदम उठाए जाएंगे। इस घटना के बाद प्रशासनिक सख्ती से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि पहले ही ओवरलोडिंग और ओवर हाइट पर नियंत्रण होता, तो यह हादसा टल सकता था। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि तय किए गए नियमों का कितना ईमानदारी से पालन कराया जाता है।

# नगर पंचायत खीरी में नाला निर्माण को लेकर बवाल

### देर रात जेसीबी से खुदाई करने के दौरान व्यापारियों समेत तमाम लोग भड़के, अभद्रता पर सफाई कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सरकारी काम में बाधा का आरोप थाने तक पहुंचा मामला

**अमृत विचारः** नगर पंचायत खीरी में कस्बे के मुख्य मार्ग पर देर रात जेसीबी से खुदाई कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर विवाद बढ़ गया। व्यापारियों समेत तमाम लोग भड़क गए। इसी बीच किसी ने सफाई कर्मचारियों से अभद्रता कर दी। इससे कर्मचारी आक्रोशित हो गए और कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगे। जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस और नगर पंचायत के अधिकारियों ने किसी तरह को हालातों को नियंत्रित किया।

कस्बा खीरी के बाजार क्षेत्र में नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य ने शुक्रवार को तूल पकड़ लिया। आरोप है कि आधी रात को जेसीबी मशीन से कराई जा रही नाले की खुदाई का स्थानीय लोगों ने विरोध किया, जिसके बाद नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि मामला नगर पंचायत कार्यालय से होते हुए खीरी थाने तक पहुंच गया।

नगर पंचायत के सफाई कर्मियों सफाई नायक गोविंद, कमलेश, रमाकांत, शफीक उर्फ राजू और अय्याज ने आरोप लगाया कि वे गुरुवार देर रात हाजी कलीम की दुकान के पास नाले की खुदाई का कार्य करा रहे थे। इसी दौरान कस्बे के कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर खुदाई रोकने की मांग की। कर्मियों का कहना है कि जब कार्य नियमानुसार जारी रखा गया तो उन लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली, सफाई नायक सहित कर्मचारियों के साथ अभद्रता की और गाली-गलौज की। घटना से आक्रोशित सफाई कर्मियों ने शुक्रवार सुबह कार्य बहिष्कार कर दिया।


खीरी में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार और नगर पंचायत अध्यक्ष पति फहीम अहमद को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद सभी कर्मचारी खीरी थाने पहुंचे और एसओ निराला तिवारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। सफाई कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो वे अनिश्चितकालीन सफाई कार्य बहिष्कार करेंगे, जिससे कस्बे की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो सकती है। दूसरी ओर, आरोपों को लेकर समाजसेवी आरिफ पहलवान ने सफाई कर्मियों के आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

> दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। -विनीत कुमार ईओ।

उन्होंने बताया कि रात करीब 11:30 बजे उनके भाई के मकान के पास जेसीबी मशीन से खुदाई की जा रही थी, जबकि मकान में परिवार के लोग सो रहे थे। जेसीबी से खुदाई के दौरान जोरदार धमाके जैसी आवाज आने लगी, जिससे मकान को नुकसान पहुंचने की आशंका उत्पन्न हो गई। आरिफ पहलवान का कहना है कि उन्होंने कर्मचारियों से केवल इतना अनुरोध किया था कि रात में भारी मशीन से खुदाई न कराई जाए और कार्य सुबह कराया जाए। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि मकान की सुरक्षा को देखते हुए जेसीबी की बजाय फावड़े से खुदाई की जाए, ताकि किसी प्रकार की क्षति न हो। उन्होंने बताया कि न तो उन्होंने किसी कर्मचारी से अभद्रता की और न ही गाली-गलौज की। उनके अनुसार लगाए गए आरोप पूरी तरह गलत और निराधार हैं। विवाद के बाद क्षेत्र में दिनभर चर्चाओं का माहौल बना रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय भारी मशीनों से खुदाई से दुर्घटना और मकानों को नुकसान होने की आशंका बनी रहती है, इसलिए इस तरह के कार्य दिन में कराए जाने चाहिए। वहीं, नगर पंचायत का पक्ष है कि कार्य निर्धारित योजना के अनुसार कराया जा रहा है। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों पर जांच की जा रही है। नगर पंचायत प्रशासन स्थिति को शांत करने और आपसी संवाद के जरिए समाधान निकालने के प्रयास कर रहा है।

## छेड़छाड़ के विरोध पर परिजनों के साथ मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना खीरी क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने बताया कि बुधवार रात करीब आठ बजे गांव का बबलू शर्मा उसके घर पहुंचा और उसकी भाभी के साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने भाभी से छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद जब पीड़ित पक्ष ने आरोपी के पिता रामलखन शर्मा से शिकायत की तो पिता-पुत्र ने मिलकर लाठी-डंडों से पीड़ित व उसके परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर गांव के लोग मौके पर एकत्र हो गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। यूपी 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची और आरोपियों की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिले। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीएलओ ने की परिवार संग दुधवा सफारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल और घोषणा के क्रम में जिले की आठों विधान सभाओं से चयनित उत्कृष्ट बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) को परिवार के साथ दुधवा टाइगर रिजर्व की वीआईपी जंगल सफारी कराई गई।

दुधवा की हरी-भरी वादियां, जंगल की नीरव शांति और वन्यजीवों की स्वाभाविक चहलकदमी के बीच बीएलओ ने अपने परिवार संग लुत्फ लिया। कहीं वनराज की झलक, कहीं हिरणों की छलांग और कहीं प्रकृति की गोद में सुकून। इस अनुभव ने सभी को भावुक कर दिया। प्रशासन की ओर से वीआईपी सफारी और भोजन की व्यवस्था ने इस यात्रा को और भी खास बना दिया।


दुधवा टाइगर में जंगल सफारी करने परिवार संग जाते बीएलओ। ● अमृत विचार

- डीएम का स्नेहिल सम्मान, उत्कृष्ट बीएलओ को मिला तोहफा

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि इस अभिनव सम्मान कार्यक्रम में विधानसभा पलिया, निघासन, गोला गोकर्णनाथ, श्रीनगर, धौरहरा, लखीमपुर और श्रीनगर क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ शामिल रहे। डीएम ने कहा कि बीएलओ ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में निष्ठा और समर्पण से काम किया। उनका सम्मान और प्रोत्साहन हमारा दायित्व है। परिवार संग दुधवा सफारी इसी भावना का प्रतीक है। प्रतिभागी बीएलओ ने कहा कि यह सम्मान उनके परिवारों के लिए भी गर्व का क्षण है और आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## दुकान से नकदी व मोबाइल चोरी

**मितौली, अमृत विचारः** कस्बे की अस्पताल रोड पर स्थित एक घड़ी की दुकान को चोरों ने दिनदहाड़े निशाना बनाया। चोर दुकान के गल्ले में रखी नगदी और मोबाइल फोन लेकर रफूचक्कर हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बा निवासी इमरान खान की अस्पताल रोड पर वॉच हाउस के नाम से दुकान है। शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे इमरान अपनी दुकान खुली छोड़कर पास की मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने गए थे। करीब आधे घंटे बाद जब वह वापस लौटे, तो दुकान के हालात देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने बताया कि चोर ने गल्ले का ताला खोलकर उसमें रखे 4,000 रुपये नगद एक कीमती मोबाइल पार कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से बाजार के अन्य दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# कुष्ठ रोग छूने, साथ बैठने एवं बात करने से नहीं फैलता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 13 फरवरी तक चलेगा राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन जागरुकता अभियान

**अमृत विचारः** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मनाए जा रहे शहीद दिवस के अवसर पर सीएमओ ऑफिस सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसकी शुरुआत दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा, समानता और मानव सेवा के प्रतीक थे। उन्होंने समाज से भेदभाव मिटाने और हर व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन देने का संदेश दिया। गांधी जी का मानना था कि किसी भी बीमारी से पीड़ित व्यक्ति के साथ तिरस्कार नहीं, बल्कि सहानुभूति और सेवा का भाव होना चाहिए। सीएमओ ने बताया कि शहीद दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक जनपद में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करना, भ्रांतियों को दूर करना और समय पर उपचार के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष कार्यक्रम का संदेश है कि जल्द इलाज, विकलांगता से बचाव तथा भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करें।


कार्यक्रम को संबोधित करते सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग एक जीवाणुजनित बीमारी है और यह पूरी तरह से उपचार योग्य है। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर इसकी दवाएं निशुल्क उपलब्ध हैं। शरीर पर हल्के रंग के सुन्न धब्बे, हाथ-पैरों में कमजोरी या सुन्नता, नसों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते या गांठ जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए। समय पर इलाज से विकलांगता से बचा जा सकता है। यह छूने या साथ बैठने से आसानी से नहीं फैलता और उपचार शुरू होते ही संक्रमण का खतरा काफी कम हो जाता है। इसलिए मरीजों से भेदभाव न करें, बल्कि उन्हें सहयोग और सम्मान दें। जागरुकता अभियान के दौरान स्वास्थ्य टीमें गांव-गांव जाकर लोगों को रोग के लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी देंगी।

इस दौरान जिलाधिकारी के निर्देश पर कुष्ठ रोग को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों व आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से एक प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा ने भी कुष्ठ रोग को लेकर जानकारी दी। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. आरएम गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम भार्गव, डीएमओ हरिशंकर सहित डीएलसी डॉ हरिकृष्णा व अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन रख शहीदों को दी श्रद्धांजलि


मौन धारण कर श्रद्धांजलि देते अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखा गया। कलेक्ट्रेट सहित जनपद के समस्त कार्यालयों, विभागों व शिक्षण संस्थानों में अधिकारियों व कर्मचारियों ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अगुवाई में कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे दो मिनट मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ जिले के अन्य कार्यालयों, विभागों, शिक्षण संस्थाओं में भी दो मिनट का मौन धारण करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह सिंह, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, डीएसओ अश्वनी कुमार सिंह, एसओसी संजय आनंद, प्रशासनिक अधिकारी खुशहाल सिंह,सुधीर सोनी, सुरेश कुमार वर्मा, सहित कलेक्ट्रेट कर्मी एवं विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर नगर पालिकाध्यक्ष ने पुष्प अर्पित किए

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के सभागार में पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। नगर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि अहिंसा, सत्य और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन से हमें सिखाया कि बिना हथियार के भी क्रांति लाई जा सकती है और बिना घृणा के भी अन्याय को हराया जा सकता है। सभागार में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभासद राजेश वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, अवधेश कुमार, अंकित गुप्ता, अशोक मिश्रा, काके सहगल, संजीव दीक्षित, सुरेंद्र वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



### कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के शहादत दिवस पर कैंप कार्यालय भारत भूषण कॉलोनी में कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष प्रह्लाद पटेल की अगुवाई में पहले गोष्ठी हुई उसके उपरांत 10 .58 बजे दो मिनट का मौन रख करके सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रपिता के देश हित में किए गए कार्यों का बखान किया। जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार वर्मा, सुधीर शुक्ला, राकेश विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रदेश महासचिव रामकुमार वर्मा, अनिल कुमार शुक्ला गुड्डू, सतीश चंद्र मिश्रा, विक्रम पटेल, पंकज पटेल, अंकुर पटेल सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड में संवेदनशील केंद्रों की सूची तलब

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- जिले में बनाए गए 129 परीक्षा केंद्र, 90,244 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 को निष्पक्ष, नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बोर्ड परीक्षा के मद्देनज़र परीक्षा केन्द्रों की निगरानी और व्यवस्थाओं को लेकर गतिविधियां बढ़ा दी गई हैं। जिले में परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। खीरी जिले में भी परीक्षा केन्द्रों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच रही हैं।

जिले में इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए 129 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। बोर्ड परीक्षा फरवरी माह में आयोजित होनी है, जिसमें जिले से कुल 90,244 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण के साथ ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों को चिन्हित कर निगरानी की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जेडी. लखनऊ मण्डल कार्यालय के मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि परिषदीय परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए संवेदनशील केन्द्रों पर निरंतर और प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी।

उन्होंने बताया कि खीरी सहित लखनऊ मण्डल के सभी छह जनपदों में जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा चिन्हित संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों की बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था लागू की जाएगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक, लखनऊ मण्डल डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला विद्यालय निरीक्षकों से चिन्हित संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों की सूची निर्धारित प्रारूप में क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज को उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें।



दसवां/तेरहवीं संस्कार

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी श्री कृष्ण मुरारी वर्मा जी का स्वर्गवास दिनांक 23.1.2026 दिन शुक्रवार को हो गया है जिनका दसवां संस्कार दिनांक 1.2.2026 दिन रविवार को दोपहर 2 बजे दसवां स्थल लल्ला बाग जगतपुर में होगा तथा तेरहवीं संस्कार दिनांक 2.2.2026 दिन सोमवार को क्षत्रिय धर्मशाला कांकरटोला सुनारों वाली गली, पुराना शहर बरेली में दोपहर 1 बजे तक होगा तदोपरांत ब्रह्मभोज होगा।

: शोकाकुल परिवार :

अवधेश वर्मा, संदीप वर्मा, अरविन्द वर्मा, सुबेक वर्मा एवं समस्त वर्मा परिवार

मो. 9927365285, 8266078099

न्यूज ब्रीफ

## आकाश को मिली संगठन मंत्री की जिम्मेदारी



**बदायूं, अमृत विचार :** मेरठ में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत कार्यकारिणी की बैठक में आगामी सत्र के लिए सांगठनिक घोषणाएं की गईं। कासगंज के आकाश पाल को दोबारा से बदायूं विभाग का संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है। इससे पहले आकाश फिरोजाबाद, अलीगढ़ आदि में जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

## 50 मूक बधिर युवाओं को वितरित किए कंबल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर तहसील में प्रशासन ने 50 मूक बधिर युवाओं को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कंबल वितरित किए। ठंडी हवाओं में जब कंबल उनके हाथों में पहुंचे, तो हर चेहरा खुशी और राहत की मुस्कान से जगमगा उठा। मूकबधिर युवाओं ने इशारों में डीएम का आभार व्यक्त किया। कुछ युवाओं ने अपने कंबल को गले लगाकर खुशी जताई। इस अवसर पर तहसील अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला ऊंची भूड निवासी अंकुश कुमार (29) पुत्र महादेव प्रसाद गुरुवार की रात आठ बजे बाइक से कोटवारा जंगल होकर घर आ रहे थे। तभी अचानक तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर गंभीर घायल हो गए, जिसमें उनका दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया। गंभीर हालत में उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## दिव्यांगजन का मोबाइल कोर्ट 5 फरवरी को

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने बताया कि दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 5 फरवरी को मोबाइल कोर्ट सुबह दस बजे से सायं 4 बजे तक अटल सभागार कलेक्ट्रेट परिसर में होगा। मोबाइल कोर्ट के माध्यम से जनपद में निवास करने वाले दिव्यांगजनों की विभागीय समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया जाएगा।

# त्रिलोक गिरि मंदिर के प्रवेश द्वार के पास खुले पड़े बिजली के तार

## श्रद्धालुओं के साथ राहगीरों की जान को खतरा, एक गाय और कुत्ते की हो चुकी मौत

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर में त्रिलोक गिरि मंदिर के प्रवेश द्वार के निकट नाले के ऊपर खुले में बिजली के तार पड़े हुए हैं, जिनके ज्वाइंट खुले होने के चलते श्रद्धालुओं और राहगीरों की जान को खतरा लगातार बना हुआ है। मंदिर के पुजारी और आसपास के सभी लोगों ने खुले तारों पर जल्द से जल्द प्लास्टिक की मोटी पाइप डलवाने की मांग की है।

छोटी काशी के भूतनाथ मार्ग स्थित त्रिलोक गिरि मंदिर के प्रवेश द्वार के पूरब दिशा में नाले के ऊपर खुले में पड़े बिजली के तार, जिनमें कई जगह ज्वाइंट हैं और करंट भी लगातार प्रभावित हो रहा है। खुले में पड़ बिजली के तार लोगों की जान को खतरा बने हुए हैं। इसी जगह ज्वाइंट खुले होने के चलते करंट लगने से पिछले दिनों एक गाय और एक कुत्ते की मौत भी हो चुकी है। इन दोनों घटनाओं के चलते मोहल्ले के लोगों ने एकजुट होकर बिजली विभाग में शिकायत भी की। मोहल्ले के लोगों की शिकायत के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों ने सुधि नहीं ली है। मंदिर के पुजारी प्रदीप पांडे ने बताया कि त्रिलोक गिरि मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ था, जिसमें आयोजकों की लापरवाही के चलते जमीन में भूमिगत पड़े हाई मास्ट केबल के तारों को काटकर जनरेटर की लाइन जोड़ी गई थी।

कथा समापन हो जाने के बाद जनरेटर वालों ने तार हटा लिए लेकिन न तो उस पर टैपिंग की और न ही आयोजकों को इस संबंध में कुछ बताया और चले गए। तब से वहां पर तार खुले पड़े हुए हैं, जिससे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं, राहगीरों और पशुओं की जान को खतरा बना हुआ है। जरा सा भी चूक होने पर कोई भी करंट की चपेट मे आ सकता है।



गोला में त्रिलोक गिरि मंदिर के प्रवेश द्वार पर खुले बिजली के तार।



त्रिलोक गिरि मंदिर के पुजारी प्रदीप पांडे ने बताया कि गेट के सामने ट्रांसफार्मर रखा है उसी के सामने नाले के ऊपर तार खुले हैं। इस संबंध में नगर पालिका और विद्युत विभाग में शिकायत की, लेकिन ध्यान नहीं दिया।



स्थानीय निवासी सुनील कुमार ने बताया कि तार मंदिर के गेट के पास काफी समय से खुले होने से कभी भी किसी के भी साथ दुर्घटना हो सकती है। विद्युत विभाग को संज्ञान में लेकर इन्हें ठीक कराया जाना चाहिए।

> मंदिर के पास हाईमास्ट लाइट के तार किसी के द्वारा कट किए गए हैं। अब जानकारी हुई है। लाइनमैन को भिजवाकर उसे शीघ्र ही दुरुस्त करवा दिया जाएगा।
> –**धर्मेंद्र कुमार**, जेई विद्युत उपकेंद्र गोला।

# विद्यार्थियों को यातायात के संकेतकों के बारे में दी गई जानकारी



गांधी विद्यालय में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● **वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने की दी सलाह**

**अमृत विचार:** यातायात माह के अंतिम दिवस गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक आमिर हुसैन सिद्दीकी ने विद्यार्थियों को यातायात संकेतों की जानकारी देते हुए वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने की सलाह दी।

नगर के मोहम्मदी रोड स्थित गांधी विद्यालय में शुक्रवार को विद्यार्थियों को ओवरटेक, मोड़ एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की जानकारी देते हुए यातायात संकेतों के बारे में जागरूक किया। कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, यह खुद और दूसरों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। वाहन संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न केवल दंडनीय अपराध है, बल्कि दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण भी है।

प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने कहा कि सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों का पालन करना प्रत्येक चालक का विधिक दायित्व है। सार्वजनिक सुरक्षा, सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। कहा कि यात्रा के दौरान अनुशासित, सतर्क एवं नियमों के प्रति प्रतिबद्ध रहकर एक आदर्श नागरिक का दायित्व निभाएं। रामसनेही, डॉ. राजेश कुमार, नागेश वर्मा, तेजराम गंगवार, श्रीश गुप्ता, उद्धव श्याम तिवारी, लिपिक राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# आईजी ने दिए साइबर अपराधों के प्रति शिक्षण संस्थानों में जागरुकता फैलाने के निर्देश

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ किरण एस ने कोतवाली पहुंचकर आवश्यक अभिलेख देखे। उन्होंने इस दौरान पुलिस अधिकारियों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराए जाने, बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति शिक्षण संस्थानों में जागरुकता फैलाने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को कोतवाली पहुंचे आईजी किरण एस को परिसर में गारद सलामी दी गई। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, जीडी कार्यालय, सीसीटीएनएस ऑफिस, बैरक, मालखाना, कोतवाली परिसर हवालात, कंप्यूटर रूम, मेस और अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी संकल्प शर्मा, सीओ रमेश कुमार तिवारी, इंस्पेक्टर अंबर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर संतोष कुमार के साथ बैठक कर कहा कि भूमि विवाद के मामलों को राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर निस्तारित कराएं।

साइबर अपराध की अधिकता को देखते हुए शिक्षण संस्थान में साइबर अपराधों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए गोष्ठी किए जाने, रात्रि में प्रभावी गस्त कर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने, दुर्घटना के संभावित हॉटस्पॉट को चिन्हित कर चेतावनी बोर्ड पर रिफ्लेक्टर लगाने, थाने के सीसीटीवी कैमरे को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए।



गोला कोतवाली कार्यालय में दीवान से जानकारी करते आईजी किरण एस।

● **पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ किरण एस ने कोतवाली में आवश्यक अभिलेख भी देखे**

## धर्म की स्थापना को लेते हैं भगवान अवतार

**पसगवां, अमृत विचार:** षष्टम श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य राघव कृष्ण महाराज ने कहा कि भगवान का जन्म पृथ्वी से पाप और बुराई को मिटाने तथा धर्म की स्थापना के लिए होता है। कृष्ण जन्म की कथा में कहा कि मथुरा के राजा कंस की बहन देवकी और बहनोई वसुदेव की 8वीं संतान थे। उन्होंने श्री कृष्ण ने बाल्यकाल में कई राक्षसों के वध का वृतांत सुनाया। आचार्य पंडित राघव कृष्ण महाराज ने भगवान राम के वंशावली का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान राम इक्ष्वाकु वंश से सम्बंधित थे। वह अपने वंश के 63वें राजा थे। राम राजा दशरथ और रानी कौशल्या के पुत्र थे। राम गुरुदेव वशिष्ठ के शिष्य थे। अहिल्या की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा इंद्र ने गौतम ऋषि के रूप में अहिल्या के साथ छल किया। इससे आक्रोशित गोतम ऋषि ने श्राप दिया। वर्षों बाद भगवान राम के चरण का स्पर्श होते ही अहिल्या का उद्धार हुआ।

# लोकतंत्र की मजबूती को करें मतदान



रजागंज में सपा की समीक्षा बैठक में बोलते पूर्व विधायक रामसरन। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचार:** श्रीनगर विधानसभा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर समाजवादी पार्टी की समीक्षा बैठक में लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता के मतदान करने पर जोर दिया गया।

सपा जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक पूर्व विधायक रामसरन ने बताया कि श्रीनगर विधानसभा के रजागंज के जोन नम्बर एक के सभी बूथों की बूथवार संगठन की तैयारी की समीक्षा की गई है। बताया कि प्रत्येक बूथ पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नए मतदाताओं को जोडने और मौजूदा वोट को सुरक्षित रखने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

मुख्य अतिथि सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की टीम क्षेत्र के गांवों में जागरूकता कर मतदाताओं को वोट के अधिकार के प्रति जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि वोट देश की जनता का वह अधिकार है जिसके माध्यम से जनता अपनी पसंद चुनती है। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब हर मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। संचालन जनमेजय यादव ने किया। बैठक में त्रिलोक सिंह लिलौटी, विधानसभा उपाध्यक्ष अजय शुक्ला, महासचिव कौशल किशोर गुप्ता, विधानसभा की जोन नम्बर एक के सभी सेक्टर पर्यवेक्षक, सेक्टर प्रभारी, सह सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी, हरीश वर्मा, मिथिलेश, अजय शुक्ला, बालगोविंद प्रजापति, आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों के हंगामे पर छोड़ी ट्रैक्टर-ट्राली

संवाददाता, मझगईं

● **अवैध खनन के पुराने मुकदमे में वन विभाग ने की थी कार्रवाई**

**अमृत विचार:** वन रेंज क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े एक पुराने मामले में गुरुवार को वन विभाग की कार्रवाई उस समय विवादों में घिर गई, जब सलीमाबाद चौराहे पर गन्ना लादकर जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर मझगई वन रेंज कार्यालय में खड़ा करा लिया गया। ट्रैक्टर पकड़े जाने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों के साथ-साथ राजनीतिक दबाव भी बढ़ने लगा, जिसके बाद वन विभाग को गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़नी पड़ी।

वन विभाग की इस कार्रवाई से नाराज गन्ना समिति अध्यक्ष अभिषेक अवस्थी स्वयं रेंज कार्यालय पहुंचे और रेंजर से वार्ता कर ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़े जाने की बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग ने गलत तरीके से गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर खड़ा कर लिया था, जिसे बाद में छोड़ना पड़ा। वहीं, इस पूरे मामले पर मझगई रेंजर अंकित सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई अक्टूबर 2025 में अवैध खनन के दौरान पकड़ी गई एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से जुड़े मुकदमे के तहत की गई थी। उस समय गदियाना गांव के 20-25 लोगों ने वन विभाग से जबरन ट्रैक्टर-ट्रॉली छुड़ा ली थी, जिस पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

रेंजर के अनुसार गुरुवार को उसी मुकदमे से संबंधित ट्रैक्टर-ट्रॉली थी। जो मुर्गहा गांव के पूर्व प्रधान सुरेश कुमार की बताई जा रही है, गन्ना लादकर सलीमाबाद चौराहे पर पहुंची थी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर मझगई रेंज कार्यालय ले जाकर खड़ा कर दिया। ट्रैक्टर पकड़े जाने की खबर फैलते ही सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष रेंज कार्यालय के बाहर जुट गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालात बिगड़ते देख विभागीय अधिकारियों को स्थिति संभालनी पड़ी। रेंजर अंकित सिंह ने बताया कि संबंधित पक्ष को दो दिन का समय दिया गया है, जिसके भीतर जुर्माना जमा कराकर प्रकरण का निस्तारण कराया जा सकता है। इस घटना के बाद क्षेत्र में वन विभाग की कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है, वहीं ग्रामीणों ने भविष्य में इस तरह की कार्रवाई न करने की मांग की है।

# गौरीफंटा बॉर्डर पर आईजी रेंज लखनऊ ने किया निरीक्षण

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** आईजी रेंज लखनऊ किरण एस शुक्रवार को नेपाल सीमा से सटे गौरीफंटा बॉर्डर पर पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसएसबी कैंप में अधिकारियों के साथ बैठकर सुरक्षा को लेकर जरूरी टिप्स दिए। आईजी के आगमन के साथ ही सीमा पर तैनात पुलिस और एसएसबी सहित सभी सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट मोड में दिखाई दीं।

पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र किरण एस ने सबसे पहले इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीमा पर होने वाले आवागमन, वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग प्रक्रिया, दस्तावेजों की जांच, पुलिस व एसएसबी के बीच आपसी समन्वय की स्थिति का जायजा लिया। आईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाए। इसके उपरांत उन्होंने एसएसबी कैंप का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने एसएसबी के अधिकारियों से वार्ता करते हुए पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर संयुक्त रूप से नियमित चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध तस्करी, जंगली पगडंडियों के माध्यम से होने वाली घुसपैठ तथा अन्य अवांछनीय गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया। इसके बाद आईजी कोतवाली गौरीफंटा पहुंचे।

थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कार्यालय अभिलेखों को देखा और कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा दैनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सीमा क्षेत्र में निगरानी और गश्त बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करने तथा आमजन से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी ने कहा कि सीमा सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए पुलिस व एसएसबी को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करना होगा।

इस मौके पर एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी पश्चिमी अमित राय, एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट विजेंद्र कुमार, सहायक कमांडेंट रवि कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी पलिया जितेंद्र सिंह परिहार तथा गौरीफंटा कोतवाली प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपस्थित रहे। आईजी के इस दौरे के बाद से सीमा क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रही हैं।



गौरीफंटा बॉर्डर पर निरीक्षण करते आईजी किरण एस। ● अमृत विचार

● **एसएसबी कैंप में अधिकारियों के साथ बैठक में सुरक्षा को दिए टिप्स**

# कालेज में वैज्ञानिक विधि से दिखाए जादू के करतब

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** जिला विज्ञान क्लब लखीमपुर के तत्वावधान में कृषक समाज इंटर कॉलेज में अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को जादू के करतब दिखाये।

पीलीभीत के विज्ञान संचारक लक्ष्मीकांत शर्मा ने स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों के समक्ष ढोंगी बाबा के चमत्कारों जैसे हवन कुंड में अग्नि प्रज्जवलित करना, मुट्ठी में भभूत पैदा करना, खाली कमंडल में पवित्र नदियों का जल उत्पन्न करना जैसे चमत्कारों का वैज्ञानिक विधि से भंडाफोड़ किया। कार्यक्रम में मॉडल व पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुल्क रिंकू, विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि ब्रह्मांड की प्रत्येक घटना किसी न किसी वैज्ञानिक कारण से सम्पन्न होती है, किंतु लोग प्रायः इसे कोई चमत्कार मान लेते हैं और ढोंगियों के बहकावे में आ जाते हैं। अतिथियों ने छात्र छात्राओं की प्रतिभा व उनके मॉडल, पोस्टर की भूरि भूरि प्रशंसा की। पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा ने अध्यक्षता करते हुये कहा कि सामाजिक जागरूकता के ऐसे कार्यक्रम जिले के ग्रामीण स्तरीय विद्यालयों में छात्राओं के मध्य अवश्य होने चाहिए, जिससे अंधविश्वासों में फंसने से उन्हें बचाया जा सके।

प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने विद्यार्थियों को अंधविश्वास से दूर रहने व विज्ञानमय जीवन जीने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों, स्थानीय विद्यालय के 200 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। 70 से अधिक विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रस्तुत किये। विज्ञान भाषण प्रतियोगिता में कृषक समाज कॉलेज की रिया पटेल प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की दिव्या दीक्षित द्वितीय, विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के उत्कर्ष तृतीय, इलमा खान एवं कृष्णा को सांत्वना स्थान दिया गया। पोस्टर प्रदर्शनी में कृषक समाज की मोहिनी प्रथम, विद्या निकेतन के नैतिक पटेल द्वितीय, गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज की प्रियांशी तृतीय, गांधी स्मारक की मुस्कान और साक्षी वर्मा 'सांत्वना स्थान को मिला।

अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, मैडल व बैग देकर सम्मानित किया। मूल्यांकन समिति के सदस्यों डॉ. वीरेश बाजपई, अम्बरीष वर्मा ने विद्यार्थियों का मूल्यांकन और मार्गदर्शन किया। संचालन आशीष पांडे ने किया। याचना वर्मा, आरती गुप्ता, अनिल कुमार, आशुतोष अग्निहोत्री, लाल साहब आदि मौजूद रहे।



छात्रा की आंखों पर पट्टी बांधकर पढ़वाते वैज्ञानिक लक्ष्मीकांत शर्मा। ● अमृत विचार

● **अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरुकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दी सीख**

## चीनी मिल ने 45.34 करोड़ का भेजा भुगतान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां ने चालू गन्ना पेराई सत्र के दौरान 8 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का कुल 45 करोड़ 34 लाख रुपये का भुगतान 12,335 किसानों के बैंक खातों में भेजा है। किसानों का कहना है कि समय से भुगतान होने पर खेती से जुड़े आवश्यक खर्चों को पूरा करने में सहूलियत मिलती है। खासकर खाद, बीज, मजदूरी और सिंचाई जैसे बढ़ते खर्चों के बीच यह भुगतान किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। बीते वर्षों की तुलना में इस बार भुगतान प्रक्रिया तेज है। प्रधान प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि किसानों का हित मिल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों से कहा है कि गन्ना आपूर्ति को लेकर शिकायत हो तो किसान सीधे मिल प्रशासन से संपर्क करें।



राजेश कुमार।

# हमारे जिस्म की नस-नस में हिंदुस्तान बहता है

संवाददाता, मितौली

● **अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में उमड़ी भीड़**

**अमृत विचार:** कस्बे में चल रहे मितौली महोत्सव में गुरुवार को पूर्व प्रधान स्वर्गीय फेरू लाल भार्गव की पुण्य स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित हुआ। जिसमें कवियों ने अपनी कविताओं, गजलों और गीतों से श्रोताओं को हंसने पर मजबूर कर दिया।

मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने फीता काटकर मां सरस्वती व स्व. फेरुलाल के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। मेला आयोजन मास्टर दिनेश कुमार, ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने कहा ऐसे कवि सम्मेलनों के आयोजन से देश की एकता और अखंडता बढ़ती है। सम्मेलन में पधारे कवियों में कवि अमित कैथवार ने काव्य पाठ करते हुए कहा कि हमारे जिस्म का कोई भी हिस्सा काटकर देखो, हमारे जिस्म की नस-नस में हिंदुस्तान बहता है। कवि विकास बौखल ने कहा कि किसी खंजर से न तलवार से जोड़ा जाए, सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए। ये किसी शख्स को दोबारा न मिलने पाए, प्यार के रोम को आधार से जोड़ा जाए। नवल सुधांशू लखीमपुर ने कहा कि देह पानी बनकर लगे घूमने, हम कहानी बनाकर लगे घूमने। एक लड़की ने ऐसे गुलाबी किया, तन को धानी बनाकर लगे घूमने। हास्य कवि बिहारी लाल अंबर प्रयागराज ने सुनाया वह आदर्श का हउवा निकला, कोकिला समझा जिसे कौवा निकला। जो भी शराब के विरोध में बोला, उसी की जेब में एक पउवा निकला।

इसके अलावा कवि प्रख्यात मिश्रा लखनऊ, कवित्री कृपा संगम सतना (मध्य प्रदेश), कवित्री शहर अंजुमन बाराबंकी ने भी अपनी रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। मेला आयोजक ने अतिथियों व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।



काव्य पाठ सुनातीं कवियत्री।

## चोरी की तीन बाइकें बरामद, एक गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** सीओ सिटी विवेक तिवारी ने बताया कि थाना फरधान पुलिस गश्त कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक चोरी की बाइक लेकर कैमहरा से भदूरा होते हुए बेचने मोहम्मदी जा रहा है। इस पर पुलिस ने संईपूरवा जाने वाले मार्ग पर गन्ने के खेत की आड़ में घेराबंदी की। कुछ देर बाद कैमहरा की ओर से आ रहा बाइक चालक थाना फरधान के गांव नयागांव कैमहरा निवासी सचिन उर्फ कल्लूवीर पुलिस को देख घबरा गया और उसने बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन संतुलन बिगड़ने से गिर पड़ा। इसी बीच पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस आरोपी को लेकर थाने आई और पूछताछ की। उसने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथी उपदेश निवासी नयागांव कैमहरा के साथ मिलकर बाइक चोरी की थी। आरोपी की निशानदेही पर दो अन्य चोरी की अन्य बाइक भी बरामद की गईं। जांच में एक बाइक कोतवाली गोला क्षेत्र से चोरी हुई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गिरफ्तार आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।

# गन्ना भरा ट्रक पलटा, बाइक सवार की मौत, एक गंभीर

## ट्रक ने पहले मरम्मत के लिए दुकान पर खड़े ट्रैक्टर को टक्कर मारी, फिर बाइक में टक्कर मारते हुए ट्रांसफार्मर से टकराया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मोहम्मदी में स्कूल में लगी बोलेरो पर गन्ने से भरा ट्रक पलटने के 24 घंटे के भीतर एक और बड़ा हादसा हो गया। लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर ओयल पुलिस चौकी के निकट मोड़ पर तेज रफ्तार गन्ना भरा ट्रक अनियंत्रित हो गया। ट्रक ने पहले मरम्मत के लिए दुकान पर खड़े ट्रैक्टर को टक्कर मारी। फिर बाइक में टक्कर मारते हुए बिजली के ट्रांसफार्मर से टकरा कर पिंक शौचालय पर पलट गया।

हादसे में ट्रैक्टर के कई टुकड़े हो गए। वहीं उसके नीचे एक कार दब गई। बाइक के पास खड़े एक युवक की मौत हो गई, वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाईड्रा से गन्ना हटवा कर ट्रक को सीधा कराया।

शुक्रवार दोपहर बाद करीब तीन बजे लखीमपुर की ओर से हरगांव चीनी मिल गन्ना लेकर जा रहा


पिंक टॉयलेट पर पलटा गन्ना भरा ट्रक। ● अमृत विचार

● **अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर और कार के उड़े परखच्चे**

ओवरहाइट और ओवरलोड ट्रक चौकी ओयल के पास बने तीव्र मोड़ पर अचानक अनियंत्रित हो गया। तेज रफ्तार के कारण चालक ट्रक पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक सीधे सड़क किनारे बेल्डिंग कराए जा रहे ट्रैक्टर से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर कई टुकड़ों में बंट गया, जिसके परखच्चे सड़क पर बिखर गए। इसके बाद ट्रक ने पास ही बाइक से चक्की के पार्ट्स की बेल्डिंग करवा रहे सीतापुर जिले के थाना हरगांव के गांव सहनियापुर निवासी अंकुश (28) पुत्र नेतराम और अनूप कुमार चौहान (22) पुत्र कालीचरन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। इसके बाद ट्रक बिजली के ट्रांसफार्मर से टकराता हुआ पिंक शौचालय के सामने पलट गया।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही ओयल पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने अंकुश को मृत घोषित कर दिया, जबकि अनूप कुमार की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। हादसे के बाद यह आशंका भी जताई जाने लगी कि ट्रक के नीचे अन्य वाहन या लोग दबे हो सकते हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जेसीबी और हाइड्रा मशीन बुलवाकर ट्रक को हटवाया।

कड़ी मशक्कत के बाद जब ट्रक हटाया गया तो उसके नीचे एक मारुति 800 कार दबी हुई मिली, जो एकतानगर निवासी युवक की बताई जा रही है। गनीमत यह रही कि हादसे के समय कार में कोई सवार नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर सीओ सिटी पवन तिवारी, थानाध्यक्ष खीरी निराला तिवारी पहुंचे और हालात का जायजा लिया। बाद में सदर विधायक योगेश वर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। हादसे के चलते काफी देर तक लखीमपुर-सीतापुर मार्ग पर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सुचारु कराया।

### दो घंटे जाम रहा फोरलेन

हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। दोनों तरफ वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारे लग गईं। इससे कई वाहन करीब दो घंटे तक जाम में फंसे रहे। ट्रक को सीधा कराने के बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर जाम खुलवाया। तब जाकर लोगों को राहत मिली और करीब दो घंटे बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो सका। लोगों का कहना है कि गन्ना भरे ट्रक ओवरलोड और ओवरहाइट गन्ना भर कर खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं। पुलिस और एआरटीओ की इन पर नजर नहीं जाती है। अगर पुलिस और जिम्मेदार अधिकारी कड़ी कार्रवाई करें। तभी इन वाहनों से होने वाले हादसों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

> दुर्घटना में जनपद सीतापुर के एक युवक की मौत हुई है, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। ट्रक के ओवरलोड और तेज रफ्तार होने की बात सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –**निराला तिवारी**, एसओ खीरी।

## स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचे

**मितौली , अमृत विचार :** ब्लॉक में बीडीओ प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में नियमित टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड अभियान और 10 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों की समीक्षा की। आईएएस मनीषा धार्वे ने दो टूक कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने पंचायती राज, शिक्षा विभाग और आईसीडीएस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण में तेजी लाने और राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए कार्ययोजना के अनुसार काम करने के निर्देश दिए। सीएचसी अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि 10 फरवरी को बच्चों को पेट के कीड़ों से मुक्ति के लिए दवा खिलाई जाएगी। बैठक में यूनिसेफ और डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# भव में पड़ी नाव मेरी तार दो भगवन...

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कंजादेव स्थान पर श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा जया एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में हुए संकीर्तन में भजनों पर श्रद्धालु थिरकते, झूमते खाटू बाबा के जयकारे लगाते रहे।

नगर की मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बाबा देवस्थान पर गुरुवार देर शाम जया एकादशी पर आयोजित श्री खाटू श्याम संकीर्तन का गणेश स्तुति से आरंभ हुआ, जिसमें भजन गायक अजय गुप्ता, शिवम गुप्ता के भजनों मेरा दिल दीवाना हो गया मुरलिया वाले, तेरे नाम के पागल हैं हमें दुनिया की परवाह नहीं, मतलब की दुनिया से मुझे नफरत है, ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है, काली कमली वाला मेरा यार है, भव में पड़ी नाव मेरी तार दो भगवन, श्याम मेरा खाटू वाला पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

खाटू श्याम मंदिर के पुजारी संतोष पाठक ने बताया कि माघ महीने की जया एकादशी को शास्त्रों में चौबीस एकादशियों में विशेष बताया गया है। मान्यता है कि इस दिन व्रत, जप, तप और दान करने से व्यक्ति को जय, विजय, भगवान श्रीकृष्ण और भगवान विष्णु अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं और उनके जीवन के कष्ट दूर करते है। समापन श्री खाटू श्याम बाबा की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, बबलू जायसवाल, शिवम गुप्ता, संतोष गुप्ता, अनुराग गुप्ता, सुमित राठौर आदि सेवादार मौजूद रहे।


कंजा देवस्थान पर श्री श्याम खाटू संकीर्तन में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● **जया एकादशी पर खाटू श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु**

# व्यापारी से लूट का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बिलहरी/रोशननगर

**अमृत विचारः** थाना हैदराबाद क्षेत्र में बांकेगंज रोड पर बाकेगंज के व्यापारी राजेन्द्र कुमार अग्रवाल के साथ हुई ढाई लाख रुपयों की लूट का हैदराबाद पुलिस ने खुलासा करते हुये पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक लाख 9 हजार 800 रुपये, दुकान के कूपन, व्यापारी के आधार कार्ड की प्रति, घटना में प्रयुक्त कार, डंडा और तमंचा भी बरामद किया है।

सीओ रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि बांकेगंज के व्यापारी राजेंद्र अग्रवाल 19 जनवरी की रात गोला स्थित दुकान से छोटा हाथी में तीन अन्य स्टाफ के साथ बाकेगंज जा रहे थे। रास्ते में सरकारपुर चौराहे के समीप अज्ञात कार सवार बदमाशों ने कार लगाकर छोटा हाथी रोक लिया था और व्यापारी से मारपीट करते हुए ढाई लाख रुपये से भरा बैग लूटकर भाग गये थे। पुलिस ने व्यापारी राजेन्द्र अग्रवाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर खुलासे के लिए टीमें लगाई गईं थीं।

सीओ ने बताया कि शुक्रवार को थाना हैदराबाद पुलिस, स्वाट एवं सर्विलांस टीम ने पांच आरोपी अंकित गुप्ता, निवासी मोहल्ला सवोदय नगर थाना गोला, हरिओम गुप्ता निवासी कस्बा व थाना मैगलगंज, हाल पता 206/4 शास्त्री नगर थाना नौचन्दी (मेरठ), आकाश वाल्मीकि निवासी रुकनपुर थाना भावनपुर जनपद मेरठ, विकास उर्फ लालू कसाना निवासी जन्देडी थाना मवाना (मेरठ) और अमान निवासी नंगली साधारणपुर थाना इंचोली (मेरठ) को घटना में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने लूट के रुपयों में से एक लाख नौ हजार 800 रुपये, दुकान के कूपन, वादी के आधार कार्ड की प्रति की बरामदगी की है। इसके अलावा आरोपियों के पास से डंडे व तमंचा 315 बोर का तमंचा, दो कारतूस भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने फरार साथियों अंकुर गुर्जर, पियूष बैंसला की सहायता से घटना को अंजाम दिया था।


हैदराबाद पुलिस की गिरफ्त में लूट के आरोपी। ● अमृत विचार

● **एक लाख नौ हजार आठ सौ रुपये, दुकान के कूपन, घटना में प्रयुक्त कार बरामद**

### व्यापारी के पूर्व वाहन चालक ने की थी रैकी

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अंकित गुप्ता पूर्व में व्यापारी राजेंद्र अग्रवाल की दुकान पर अपने टेंपो से सामान ढोने का काम करता था। उसे मालूम था कि राजेंद्र अग्रवाल का मोटा व्यापार है, जो बांकेगंज के रहने वाले हैं और रोजाना शाम को 10-12 लाख रुपये दुकान से अपने घर लेकर जाते हैं। अंकित गुप्ता ने वर्तमान में मेरठ में रहने वाले अपने साढू हरिओम गुप्ता निवासी कस्बा मैगलगंज हाल निवासी मकान 206/4 शास्त्री नगर मेरठ के साथ मिलकर व्यापारी को लूटने की योजना बनाई। हरिओम गुप्ता ने अपनी योजना में आकाश वाल्मीकि, विकास उर्फ लालू कसाना, अमान, अंकुर गुर्जर निवासी कस्बा बुगरासी थाना स्याना (बुलन्दशहर), पीयूष बैंसला निवासी सैथली थाना जारचा (गौतमबुद्धनगर) को शामिल कर योजनानुसार मेरठ से गोला आकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने पांचों आरोपियों का चालान भेज दिया है।

# बांके बिहारी मुझको देना सहारा कहीं छूट जाए नाथ दामन तुम्हारा


गोला के त्रिलोक गिरि मंदिर पर भजन सुनाते रजत देवल। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर के त्रिलोकी नाथ देवस्थान मंदिर पर जया एकादशी श्री श्याम परिवार सेवा संस्थान छोटी काशी द्वारा बाबा श्याम का संकीर्तन कराया गया।

भजन गायक अंशिका दीक्षित ने भजन गया बाबा तेरे कीर्तन में बडा. आनंद बरासता है. ऐ दुनिया वाले क्या जाने मेरा रिश्ता पुराना है, मैंने मोहन को बुलाया है ओ आता होगा, बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय, श्याम बाबा की जय, खाटू वाले की जय, प्यारा सा मुखड़ा घुंघराले केश कलयुग का राजा खाटू नरेश आदि भजन गाये। भजन गायक रजत देवल बांके बिहारी मुझको देना सहारा, कहीं छूट जाए नाथ दामन तुम्हारा. मुझे रास आ गया है तेरे दर पे सर झुकाना, मेरी आंखिया करे इंतजार श्याम रे श्याम रे, हारे के सहारे आजा मेरा दिल यही पुकारे आजा, अकेली गई थी बृज में मोर पंख वाला मिल गया आदि भजन गाये। इस मौके पर प्रेमचंद्र गुप्ता, विशाल गुप्ता, शिवम गुप्ता, सिवाल गुप्ता, शिवम् कश्यप, शिवम गुप्ता, अनमोल गुप्ता, हरिचंद गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, चंदन वर्मा आदि भक्त मौजूद रहे।

# चोरों ने लाखों के जेवर और 60 हजार की उड़ाई नकदी


पीड़ित के घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचारः** नीमगांव थाना क्षेत्र के भनवापुर गांव में गुरुवार रात चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर अलमारी का लॉकर तोड़कर करीब साढ़े चार लाख के सोने-चांदी के जेवरात व करीब 60 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

गांव भनवापुर निवासी रामजीवन यादव ने बताया कि रोज की तरह परिवार के साथ खाना खाने के बाद घर में सभी लोग अपने अपने-अपने कमरों में सो गए। इस बीच रात में किसी समय छत के सहारे चोर घर के अंदर घुस आए और अलमारी आदि का लॉक तोड़कर कीमती जेवर और नकदी चोरी कर ले गए। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो घर का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। जांच करने पर पता चला कि मकान के पिछले हिस्से में रखी अलमारी का लॉकर टूटा था। चोर जेवरात के खाली डिब्बे छत पर छोड़ गए, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरी की घटना बेहद सधे तरीके से हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि घटना से पहले तिहार क्रेशर पर काम करने वाले गांव के कुछ लोगों ने नदी किनारे छह अज्ञात संदिग्ध बदमाशों को घूमते देखा था। इसकी सूचना गांव में दी गई थी, जिसके बाद कुछ ग्रामीण सतर्क भी हो गए थे और अपने दरवाजों पर मवेशियों की निगरानी करने लगे। सूचना मिलते ही नीमगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। कार्यवाहक थानाध्यक्ष नीमगांव सिद्धांत पवार ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। उधर घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

● **छत के रास्ते घर में घुसे चोर घटना के बाद से गांव में दहशत**

### गल्ला व्यापारी की दुकान से 80 हजार की चोरी

**औरंगाबाद, अमृत विचार :** कस्बा निवासी गल्ला व्यापारी रजत मिश्रा ने बताया कि रोज की तरह सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा दुकान के अंदर का दरवाजा खुला है। अंदर का नजारा देखकर उन्हें शक हुआ। जब उन्होंने गल्ले की जांच की तो उसमें रखी नकदी गायब थी। उन्होंने आशंका जताई कि दुकान बंद करते समय कोई व्यक्ति गोदाम के अंदर छिपकर बैठ गया और रात में मौका पाकर चोरी कर अंदर से लगे बेलन के बोल्ट खोलकर चल गया। चोरी गई रकम में गल्ला खरीद के लिए रखे 80 हजार रुपये सहित अन्य रुपये भी शामिल थे। घटना की जानकारी मिलते पर कस्बे के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े आठ लाख रुपये की ठगी और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। कोतवाली सदर थाना क्षेत्र में पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला जोड़ी बंगला नौरंगाबाद निवासी सूर्यभान मिश्र ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि थाना निघासन के गांव रकेहटी निवासी धर्मेंद्र कुमार, देव कुमार व अन्य व्यक्तियों द्वारा युवक-युवतियों को नौकरी दिलाने के नाम पर संगठित गिरोह के रूप में ठगी की जा रही है। आरोप है कि 18 जनवरी 2019 को नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे लगभग 8 लाख 50 हजार रुपये लिए थे। इसके बाद नौकरी ज्वाइन कराने के नाम पर और रुपये मांगे। पीड़ित ने नौकरी न लगने पर रुपये वापस मांगे तो आरोपियों द्वारा टालमटोल की जाती रही। पीड़ित का आरोप है कि रुपये मांगने पर आरोपियों ने फोन पर गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि वे राजनीतिक संरक्षण में हैं, उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पुलिस में शिकायत की तो परिवार को जान से मार देंगे। पीड़ित ने आशंका जताई कि आरोपी परिवार के साथ कोई गंभीर घटना कर सकते हैं। कोतवाली सदर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर धोखाधड़ी समेत अन्य सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच एसआई अम्बेश्वर दत्त त्रिपाठी को दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी तथ्यों की गहन जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

● **8 लाख 50 हजार रुपये वसूलने के बाद दी धमकी**

# ससुरालियों ने युवक को पीटा, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में सुलह के बहाने बुलाए एक युवक के साथ ससुराल पक्ष ने बेरहमी से मारपीट की। उसे पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। घायल युवक को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सीतापुर जनपद के थाना तम्बौर क्षेत्र के गांव सहिजर कलां निवासी मंगूलाल ने बताया कि उसके पुत्र गंगाराम की शादी 7 वर्ष पूर्व कौरय्या संजर निवासी सोवरन वर्मा की पुत्री मोहिनी से हुई थी। गंगाराम पत्नी के साथ जम्मू में काम करता था। करीब दो वर्ष पूर्व पारिवारिक विवाद के चलते ससुराल पक्ष ने गंगाराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि सुलह के बहाने सोवरन वर्मा व उसके पुत्र धर्मेंद्र ने गंगाराम को फोन कर बुलाया। गंगाराम 18 जनवरी को जम्मू से चला और 20 जनवरी को लखीमपुर पहुंचा। इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग उसे अपने घर ले गए। पीड़ित के अनुसार गुरुवार को दोपहर करीब दो बजे सोवरन वर्मा, उसका पुत्र धर्मेंद्र, पत्नी तथा पुत्री मोहिनी ने मिलकर गंगाराम के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पिटाई की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए युवक को घर से बाहर निकाल दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन घायल गंगाराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। शहर कोतवाल राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रकरण की जांच एसआई स्नेहा मौर्य को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

● **सुलह के बहाने बुलाकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज**

# युवक ने कमरे में फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र के पिपरा खुर्द के मजरा पिपरिया झाउ में एक 26 वर्षीय युवक ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। यूपी 112 और बिजुआ चौकी पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

गांव पिपरिया झाऊ निवासी नेकीराम (26) के खिलाफ तीन दिन पहले एक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। बताया जाता है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से नेकीराम मानसिक रूप से काफी परेशान था। उसने रात में अपने कमरे में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने उसे आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

परिजनों ने झांककर देखा तो वह फंदे से लटक रहा था। इससे परिवार में कोहराम मच गया। चीख पुकार मचने पर आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर यूपी 112 पुलिस व बिजुआ चौकी प्रभारी रमेश सिंह सेंगर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

चौकी इंचार्ज ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और दरवाजा तोड़कर शव उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे ने बताया कि मृतक नेकीराम पर तीन दिन पहले एक रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उस पर एक लड़की को भगा ले जाने का आरोप था।

थानाध्यक्ष के अनुसार लड़की ने कोर्ट में बयान दिया था कि वह नेकीराम के साथ नहीं, बल्कि अपने परिवार के साथ जाना चाहती है। परिजनों ने इस घटना के संबंध में कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया है और वे मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।


मौके पर जांच करती पुलिस व मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

● **लड़की भगाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने बाद पुलिस कर रही थी तलाश**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Sham Sul Jama S/o Mohd Sher Khan था जिसे बदलकर अब मैंने Sham Shul Jama Khan S/o Mohd Sher Khan रख लिया है। भविष्य में मुझे नाम से ही जाना व पहचाना जाये।
**शमशुल जमा खाँ पुत्र मु. शेर खां निवासी ग्राम दियोरारा पोस्ट जगत थाना अलापुर तहसील दातागंज जिला बदायूँ।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

